कासा बढ़ाने, अग्रिम को तेज़ी से बढ़ाने, प्रभावी ऋण निगरनी तथा वसूली द्वारा आस्तियों की गुणवत्ता बढ़ाने के तीन उद्देश्य इस वर्ष भी प्रासंगिक रहेंगे। ये, और इसके साथ साथ अन्य कार्यनीतिगत पहलें न केवल बैंक की टर्नएराउंड योजना में सहायक होगी, वरन कारोबार के विद्यमान तरीकों को मज़बूती देते हुए 'स्थिर वैकल्पिक राजस्व आदर्श (स्टेबल अल्टर्नेटिव राजस्व मॉडल) की स्थापना करके वे अपने हितधारकों के लिए दीर्घावधिक मूल्य अर्जन भी करेंगी।

यूको बैंक की यह प्रतिबद्धता कि हम "समाज के प्रति दायित्वशील कार्पोरेट हैं", उसे सभी कार्यक्षेत्रों में दिशा दिखाती है। उत्पाद तथा प्रक्रिया के निर्माण-क्रम में प्रौद्योगिकीगत नवाचारों को प्रोत्साहन दिया जाएगा जो मानवीय संवेदना के साथ ग्राहकों को आनंददायक बैंकिंग-अनुभव कराने में कर्मचारियों के सहायक होंगे।

(आर के टक्कर)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

- An MSE application module has been made active in UCO Bank website/portal.
- 24x7 Cyber Security Operation Centre (SOC) has been operationalized.

Future Course:

The triple objectives of increasing CASA, increasing advances and improving asset quality by effective credit monitoring and recovery measures, stays valid for this year too. These, along with the other strategic approaches will not only help in turnaround plans of the bank, but also create long-term value for the stakeholders by establishing Stable Alternate Revenue Streams, apart from fortifying the existing avenues of business.

UCO Bank's commitment to be 'Corporate with Social Responsibility', guides it in all its undertakings. Technological innovations will be encouraged to build products and processes that facilitates the bank's employees to deliver delightful banking experience with human touch.

(R K Takkar)
Managing Director &
Chief Executive Officer

निदेशक मंडल की रिपोर्ट : 2016-17
REPORT OF THE BOARD OF DIRECTORS : 2016-17

I. प्रबंधन विमर्श एवं विश्लेषण:

1. वैश्विक अर्थव्यवस्था

वैश्विक वृद्धि 2016 के अनुमानित 3.1% से बढ़कर 2017 में 3.5% और 2018 में 3.6% होने का अनुमान लगाया गया है। 2016 की दूसरी छमाही से खासकर विकसित अर्थव्यवस्थाओं में, आर्थिक गतिविधि कुछ तीव्रता के साथ बढ़ी। उभरते हुए बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक कार्यनिष्पादन मिश्रित प्रकार का रहा है। एक समूह रूप में विकसित अर्थव्यवस्थाओं के 2017 एवं 2018 में 2.0% की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। उभरते हुए बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में सामूहिक रूप से 2017 एवं 2018 में क्रमश: 4.5% एवं 4.8% की दर से वृद्धि होगी।

गैसोलीन और अन्य ऊर्जा संबंधी उत्पादों की रिटेल कीमतों के बढ़ जाने के कारण वैश्विक उपभोक्ता मूल्य स्फीति में भी उछाल आया है। 2016 की तुलना में 2017 में अधिक मुद्रास्फीति अपेक्षित है। समग्रत: विकसित अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति 2016 से 0.8% से बढ़कर 2017 में 2.0% हो जाने की भविष्यवाणी की गई है। पण्य वस्तुओं की ऊँची कीमतों के कारण पिछले वर्ष के 4.4% की तुलना में उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति के बढ़कर 4.7% हो जाने का अनुमान है। वैश्विक व्यापार के परिमाण में 2016 में 2.2% की वृद्धि अनुमानित की गई है। 2017-18 में वैश्विक व्यापार के लगभग 4% की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।

2. घरेलू अर्थव्यवस्था

वर्ष 2015-16 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 7.6% रही, जिसकी तुलना में वर्ष 2016-17 के दौरान वृद्धि दर 7.1% होने का अनुमान है। जिन क्षेत्रों में 7.0% से अधिक वृद्धि दर्ज हुई वे हैं 'लोक प्रशासन, 'रक्षा एवं अन्य सेवाएँ, 'वित्तीय, रियल एस्टेट एवं व्यावसायिक सेवाएँ, तथा 'विनिर्माण। 'कृषि, वानिकी एवं मत्स्यपालन, 'खनन एवं उत्खनन, 'विद्युत, गैस, जल आपूर्ति एवं अन्य यूटिलिटी सेवाएँ, 'निर्माण तथा 'व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाओं में क्रमश: 4.1%, (-) 1.8%, 6.5%, 2.9%, एवं 6.0% वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है।

वर्ष 2016-17 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में सकल घरेलू उत्पाद 6.75% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2018 में 7.5% तक पहुँचना अपेक्षित है। 2017-18 से आगे देखते हुए और सामान्य मानसून एवं मैत्रीपूर्ण वैश्विक वातावरण मानकर चलते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक अपेक्षा करता है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में 8.1% की वास्तविक जीवीए वृद्धि होगी।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मार्च 2016 के 4.83% से घटकर मार्च 2017 में 3.81% पर आ गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) 5.7% पर रही।

8 नवंबर, 2016 को सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाने की घोषणा की जिसका अर्थव्यवस्था पर व्यापक रूप से प्रभाव पड़ा। सबसे बड़े दो मूल्यवर्ग के नोट अर्थात ₹500 एवं ₹1000 के नोट वापस ले लिये गए। सरकार ने इन नोटों को कुछेक प्रयोजनों तक ही सीमित रखा। हालांकि इस कदम से अर्थव्यवस्था पर कुछ अल्पावधि एवं झटके लगनेवाले प्रभाव पड़े परंतु दीर्घकाल में यह कदम अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद हो सकता है।

खासकर इक्विटी सेगमेंट में एफआईआई के चलते आगम तथा वर्ष 2016-17 की प्रथम छमाही में सीएडी के कम हो जाने से उत्पन्न सकारात्मक

I. MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS:

1.GLOBAL ECONOMY

Global growth is projected to increase from an estimated 3.1% in 2016 to 3.5% in 2017 and 3.6% in 2018. Economic activity gained some momentum in the second half of 2016, especially in advanced economies. Economic performance across emerging markets and developing economies has remained mixed. Advanced economies as a group is forecasted to grow by 2.0% in 2017 and 2018. Growth in the group of emerging markets and developing economies is to rise to 4.5% and 4.8% in 2017 and 2018, respectively.

Global consumer price inflation has also ticked up as the retail prices of gasoline and other energy related products have increased. Inflation is expected to be higher in 2017 than in 2016. For advanced economies as a whole, inflation is forecasted to be 2.0% in 2017, up from 0.8% in 2016. Inflation in emerging market and developing economics is projected to rise to 4.7% in 2017 from 4.4% last year due to higher commodity prices. Global trade is estimated to have grown in volume by 2.2% in 2016. Global trade is projected to grow at a rate of close to 4% in 2017-18.

2. DOMESTIC ECONOMY

The growth in GDP during 2016-17 is estimated at 7.1% as compared to the growth rate of 7.6% in 2015-16. The sectors which registered growth of over 7.0% are 'Public administration, defence& other services', 'financial, real estate & professional services', and 'manufacturing'. The growth in the 'Agriculture, forestry &fishing', 'mining & quarrying , 'Electricity, gas water supply & other utility services', 'Construction'and'Trade, hotels, transports, communication& services related to broadcasting' is estimated to be 4.1%, (-) 1.8%, 6.5%, 2.9% and 6.0% respectively.

As per the Economic Survey 2016-17 India's GDP is expected to grow at 6.75% to 7.5% in FY 2018. Looking beyond 2017-18 and assuming a normal monsoon and a congenial global environment, RBI expects a real GVA growth of 8.1% in FY 2018-19.

CPI inflation declined to 3.81% in March 2017 from 4.83% as of Mar 2016.Headline inflation (WPI) stood at 5.70% during FY 2016-17.

On November 8, 2016, the Government announced a historic measure, with profound implication for the economy. The two largest value notes, ₹500 and ₹1000 were withdrawn. The government restricted the usage of these notes only to a few purposes. Though this measure had its short-term and modest repercussions on the economy, it could be beneficial for the economy in the long run.

Inflows on account of FIIs, particularly into the equity segment, and positive sentiments generated by narrow CAD in first HY of

रुझान की वजह से रुपये को एक संकरे दायरे में ही चलायमान रहने में मदद मिली। इसके बाद रुपये में आया अवमूल्यन बहुत हद तक यूएस के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों के पश्चात वैश्विक दृष्टि से यूएस डॉलर के सशक्त होने और फेडरल रिज़र्व द्वारा मौद्रिक नीति में कड़ाई के कारण माना जा सकता है। तथापि वर्ष 2016-17 में रुपये का प्रदर्शन अन्य अधिकांश उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) से बेहतर रहा है।

वर्ष 2016-17 के दौरान भारत का निर्यात $274.6 बिलियन रहा जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 4.7% की वृद्धि दर्ज हुई। आयात (-) 0.17% तक घटकर $380.36 बिलियन पर रहा। परंतु पूरे वर्ष का व्यापार घाटा पिछले वर्ष के $118.7 बिलियन से 11% घटकर $105.7 बिलियन पर आ गया।

बजट, वित्तीय बाजार और बैंकिंग क्षेत्र:

संघीय बजट ने उल्लेख किया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 की प्रथम छमाही में भारत का सीएडी सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 0.3% तक घट गया जो पिछले वर्ष सकल घरेलू उत्पाद का 1% था। वर्ष 2016-17 का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 3.2% लक्षित किया गया है और सरकार आनेवाले वर्षों में 3% की उपलब्धि के लिए संकल्पित है। अपेक्षा की जाती है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुष्ट करने, किफायती आवास उपलब्ध कराने तथा विदेशी निवेश प्रवर्तन बोर्ड (एफआईपीबी) को समाप्त करने जैसी पहल द्वारा और अधिक एफडीआई आकर्षित करने के सरकार द्वारा संघीय बजट 2017-18 में रखे गए विविध प्रस्तावों के फलस्वरूप संवृद्धि को गति मिलेगी। जीएसटी बिल भी अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा कदम है।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा रेपो रेट कटौती, दिसंबर, 2016 में फेड रेट अधिक हो जाने के अंदेशे, विमुद्रीकरण तथा उसके फलस्वरूप बढ़ी तरलता के चलते सरकारी प्रतिभूति (जी-सेक.) बाजार की प्राप्तियाँ अस्थिर रहीं। वित्तीय वर्ष 2016-17 की द्वितीय छमाही में स्टॉक बाजार में 6.3% का लाभ रहा।

31 मार्च, 2017 तक बैंकिंग उद्योग में 5.1% की स्थिर ऋण वृद्धि हुई जबकि जमा 11.8% की दर से बढ़ी। परंतु इस शिथिलता के पीछे कई कारक हैं। ऋणों को बट्टे खाते डालने, यूडीएवाई (उज्ज्वल डिस्कॉम आश्वासन योजना) के तहत बैंक ऋण की स्वैपिंग, ऋण चुकौती के लिए एसबीएन के उपयोग और मंदी के शिकार निवेश चक्र के कारण ऋणों की वृद्धि पर प्रभाव पड़ा। वित्तीय वर्ष 2016-17 में भारतीय रिज़र्व बैंक ने दो बार नीतिगत दरें परिवर्तित की हैं। संघीय बजट, 2017 के अनुसार मार्च, 2017 तक बैंकों ने 10 लाख नए विक्रय केंद्र टर्मिनलों की शुरूआत करने का लक्ष्य रखा है।

भारत को एक कैशलेस अर्थव्यवस्था बनाने की सरकार की महत्वाकांक्षा ने बैंकों पर डिजिटल बैंकिंग के प्रवर्तन का दारोमदार रखा है।

II. 2016-17 में बैंक का कार्य-निष्पादन:

1. यूको के डिलिवरी चैनल:

1.1 पारंपरिक नेटवर्क :

बैंक के पास भारत एवं विदेश में भौगोलिक दृष्टि से भलीभाँति फैला शाखा नेटवर्क है। 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार बैंक के 8 सर्किल कार्यालय, 42 अंचल, 3100 घरेलू शाखाएँ और चार विदेशी

2016-17 helped the rupee to move within a narrow range. The subsequent depreciation of rupee could be attributed largely to the strengthening of the US dollar globally, following the US presidential election results and tightening of monetary policy by the Federal Reserve. Nevertheless, in 2016-17, the rupee has performed better than most of the other emerging market economics (EMEs).

India's export during the year 2016-17, stood at $ 274.6 billion, registering 4.7% rise over the previous year. Imports declined by (-) 0.17% to $ 380.36 billion. However, the trade deficit fell for the entire year by 11 % to $ 105.7 billion from $ 118.7 billion the previous year.

Budget, Financial Markets and Banking Sector:

The union budget mentioned India's CAD declined to about 0.3% of GDP in the first HY of FY 2016-17 from 1% of GDP in the previous year. Fiscal deficit for 2016-17 is targeted at 3.2% of GDP and government remains committed to achieve 3% in the coming years. Various proposals made by the Government in the union budget 2017-18 to boost rural economy, provide affordable housing and to attract higher FDI through initiatives like abolishing the Foreign Investment Promotion Board (FIPB) are expected to stimulate growth. The GST bill,is also a good step for the economy.

Yields in the Government securities (G-Sec.) market remained volatile due to repo rate cut by RBI, expectation of Fed rate hike in December 2016, demonetization and resultant surge of liquidity. Stock market gained 6.3% in the second half of the financial year 2016-17.

There was a muted credit growth of 5.1% in banking industry while deposit grew at 11.8% by 31st March 2017. Several factors however, overstate this slowdown. Credit growth was impacted by loan write offs, swapping of bank credit under UDAY (Ujwal DISCOM Assurance Yojana) scheme, use of SBNs for repaying loans and depressed investment cycle. RBI has changed the policy rates two times in FY 2016-17. Banks have targeted to introduce additional 10 lakh new POS terminals by March 2017, as per the union budget, 2017.

Government's ambition of making India a cashless economy has vested upon the banks the onus of promoting digital banking.

II. PERFORMANCE OF THE BANK DURING 2016-17:

1. UCO's Delivery Channels:

1.1. BRICK and MORTAR Network:

Bank has a geographically well spread branch network in India and abroad. As on 31.03.2017, Bank has 8 Circle Offices, 42 Zones, 3100domestic branches and 4 overseas branches (two

शाखाएँ(सिंगापुर एवं हाँग-काँग में दो-दो) तथा दो विस्तार पटल हैं। तेहरान, ईरान में बैंक का प्रतिनिधि कार्यालय स्थापित किया गया है जो 25.03.2017 से कार्य कर रहा है।

घरेलू शाखाओं की संख्या 31 मार्च, 2016 को मौजूद 3077 से बढ़कर 31 मार्च, 2017 को 3100 हो गई है। पिछले पांच वर्षों के दौरान वैश्विक शाखा नेटवर्क इस प्रकार हैः

each in Singapore and Hong Kong), 2 Extension Counters. Bank's Representative Office has been established in Tehran, Iran which is functional w.e.f 25.03.2017.


The number of domestic branches has increased from 3077 as on 31st Mar, 2016 to 3100 as on 31st Mar, 2017. The Global branch network over 5 years is as under:

(Global)

	मार्च / March, '13	मार्च / March '14	मार्च / March '15	मार्च / March '16	मार्च / March '17
शाखा/Branch	2614	2894	3020	3077	3104

31मार्च, 2016 एवं 31 मार्च, 2017को जनसंख्या श्रेणीवार शाखाओं का वर्गीकरण नीचे दिया गया हैः

The population category-wise break-up of branches as on 31.03.2016 and 31.03.2017 is given below.



1.2 घरेलू शाखाओं में 5 फ्लैगशिप कारपोरेट शाखाएँ, 7 आस्ति प्रबंधन शाखाएँ, 22 सेवा शाखाएँ स्वतंत्र रूप से कार्यरत हैं। 1 सीपीपीसी और 1 एकीकृत कोष प्रबंधन शाखा भी हैं। देश भर के विविध केंद्रों की प्रमुख नगरीय शाखाओं से जुड़े 28 रिटेल लोन हब एवं 72 मुद्रा तिजोरियां, 54 सिटी बैक कार्यालय भी काम कर रहे हैं।

1.2. The domestic branches include 5 FC branches, 7 AMBs, 22 service branches functioning independently, 1 CPPC and 1 Integrated Treasury Branch. Further, 28 Retail Loan Hubs and 72 Currency Chests, 54 City Back Offices are also functioning across the country, attached to the major city branches of various centres.

2. वैकल्पिक डिलिवरी चैनल:

2.1. 31 मार्च, 2017 की स्थिति को बैंक के पास 2779 एटीएम थे जिनमें से 2201 ऑनसाइट तथा 578 ऑफसाइट हैं। बैंक ने 31.03.2016 की स्थिति के 8566186 डेबिट/एटीएम कार्ड की तुलना में 31.03.2017 की स्थिति को 9706629 कार्ड जारी किए हैं। इस प्रकार विगत वर्ष की तुलना में 13.31% की वृद्धि हुई है। वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बैंक रुपे कार्ड एवं किसान खाते से लिंक किए गए एटीएम समर्थित किसान कार्ड जारी कर रहा है।

2.2. यूटिलिटी बिल भुगतानों, हवाई जहाज एवं रेल टिकट बुक करने, ऑनलाइन खरीदारी, अंत:बैंक एवं अंतर-बैंक निधि अंतरण आदि के लिए ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है। शेष राशि की जानकारी, खाता विवरण, लेन-देन संबंधी एसएमएस एलर्ट, परोक्ष कर, प्रत्यक्ष कर का भुगतान एवं अन्य कई बैंकिंग सेवाएं भी बैंक प्रदान कर रहा है। 31.03.2017 की स्थिति को कुल ई-बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या 31.03.2016 की स्थिति के 530566 से बढ़कर 689572 हो गई जिसमे वर्ष-दर-वर्ष 29.97% की वृद्धि दर्ज की गई।

2. Alternative Delivery Channels:

2.1. As on 31.3.2017, Bank had 2779 ATMs out of which 2201are onsite and 578 are offsite. Bank has issued 9706629 Debit/ ATM cards as on 31.3.2017 as compared to 8566186 cards as on 31.03.2016 thereby achieving an increase of 13.31% over the previous year. The bank is issuing Rupay cards under financial inclusion and ATM enabled Kisan Cards linked to Kisan account.

2.2. Internet banking facility is available to customers for utility bills payment, for air and rail ticket booking , online shopping, inter-bank and intra bank fund transfer etc. Bank is also providing services like balance enquiry, account statement, transaction related SMS alerts , payment of indirect taxes, Direct taxes and many other banking services. The total e-banking users as on 31.03.2017are689572, as against 530566, as on 31.03.2016, registering a Y-O-Y increase of 29.97%.

2.3 वर्ष 2011-12 के दौरान बैंक ने मोबाइल बैंकिंग सेवा आरंभ की है, जिसमें ग्राहक मोबाइल फोन के जरिए अपने बैंकिंग लेन-देन करने कि सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस मोबाइल बैंकिंग सुविधा के माध्यम से ग्राहक अब एसएमएस/जीपीआरएस कनेक्शन मोड का उपयोग करके अपने हैंडसेट से शेष पूछताछ, खाता विवरण, मोबाइल रीचार्ज, अंत:बैंक एवं अंतर-बैंक निधि अंतरण जैसी बैंकिंग गतिविधियाँ कर रहे हैं। 31.03.2016 की स्थिति को कुल 272969 एम-बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या 31.03.2017 की स्थिति को बढ़कर 534007 हो गई जिसमे वर्ष-दर-वर्ष 95.63% की वृद्धि दर्ज की गई।

2.4 इस वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने अपने मर्चेन्ट ग्राहकों को पॉइन्ट ऑफ सेल टर्मिनल सुविधा देने की शुरूआत की है। यह सेवा 5 सितंबर, 2016 को प्रारंभ की गई जिसमें 55 पीओएस टर्मिनल स्थापित किए गए। 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार बैंक ने विभिन्न मर्चेन्ट स्थापनों को 5145 पीओएस टर्मिनल प्रदान किए हैं। इनमें प्रतिदिन औसतन 4200 लेन-देन दर्ज हुए और प्रतिदिन की लेन-देन राशि औसतन एक करोड़ रुपये की रही।

2.5 बैंक सभी क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को धड़ल्ले से अपना रहा है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में हमारे ऑनलाइन खाता खोलने के चैनल से बैंक को 25306 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 31.03.2017 की स्थिति को 24352(96%) प्रोसेस किए जा चुके थे।

3. कारोबार प्रोफाइल:

3.1 वैश्विक:

बैंक की कुल जमा पिछले वर्ष के ₹207118 करोड़ की तुलना में मार्च, 2017 की स्थिति को ₹201285 करोड़ हो गई। बैंक का सकल अग्रिम पिछले वर्ष के ₹1,35,508 करोड़ की तुलना में मार्च, 2017 की स्थिति को ₹1,31,655 करोड़ का रहा है। बैंक का कुल कारोबार 31.03.2016 की स्थिति के ₹3,42,626 करोड़ की तुलना में मार्च, 2017 की स्थिति को ₹3,32,940 करोड़ का रहा है।

3.2 घरेलू:

घरेलू कार्यनिष्पादन के मामले में बैंक की कुल जमा पिछले वर्ष के ₹1,90,885 करोड़ की तुलना में 31.03.2017 की स्थिति को ₹1,85,102 करोड़ की रही। बैंक का घरेलू अग्रिम पिछले वर्ष के ₹1,18,791 करोड़ की तुलना में मार्च, 2017 की स्थिति को ₹112917 करोड़ रहा। ब्याज लागत को कम करने के एक उपाय के रूप में बल्क जमा को छोड़ने के उपाय के कारण मार्च, 17 की स्थिति में बैंक की कुल जमा में कमी आई है। बैंक के एलसी बीडी कारोबार के घटने और प्रमुख उद्योगों की वृद्धि की गिरावट की वजह से बैंक के कुल अग्रिम में कमी आई है।

2.3. Bank has introduced Mobile Banking services during the year 2011-12, whereby customers can take advantage of conducting their banking transactions through mobile phones. Through the mobile banking facility, customers are now performing banking activities like balance enquiry, account statement, mobile recharge, intra & inter-bank funds transfer with their mobile handset using SMS/GPRS modes of connection. M-banking users as on 31.03.2017are534007 as against 272969 as on 31.03.2016 recording an increase of 95.63% Y-o-Y.

2.4. Bank has introduced the service of POS Terminal facility to our merchant customers during the financial year. The service was launched on 5th Sep, 2016 with a deployment of 55 POS terminals. As of 31st Mar, 2017, Bank has provided 5145 POS Terminals to various merchant establishments. The average number of transactions clocked was 4200 per day and the average amount transacted per day stood at an average of Rupees one crore.

2.5. Bank is rapidly adapting technology in all spheres. In FY 2016-17, the bank received 25306 applications through our online account opening channel, of which 24352 (96%) were processed as on 31.03.2017.


3. Business Profile:

3.1. GLOBAL:

Total deposits of the bank stood at ₹ 2,01,285 crore as on March 2017 compared to ₹ 2,07,118 crore a year ago and gross advances of bank as on March 2017 are at ₹1,31,655 crore compared to ₹1,35,508 crore a year ago. Total Business of Bank stood at ₹3,32,940 crore as of March 2017 as against ₹3,42,626 crore as on 31.03.2016.

3.2. DOMESTIC.

On the domestic front, total deposit stood at ₹1,85,102 crore as on 31.03.2017 as against ₹1,90,885 crore in the previous corresponding year . Domestic Advances of bank stood at ₹1,12,917 crore as of March 2017 as compared to ₹1,18,791 crore in the previous year. Total Deposit of Bank has declined as of Mar'17 due to shedding of bulk deposit as a measure to reduce interest cost. Gross Advances of Bank has declined due to decline in LC BD business of the bank and subdued growth in the Major industries.




3.3 कासा (घरेलू):

मार्च 2017 की स्थिति को बैंक की घरेलू चालू एवं बचत (कासा) जमा ₹62779 करोड़ की रही। कुल घरेलू जमा में बैंक का कासा जमा 33.92% रहा। बैंक की बचत जमा मार्च, 2017 की स्थिति को ₹51,456 करोड़ हो गई जिसमें 27.25% की वृद्धि हुई। चालू जमा मार्च, 2016 की स्थिति के ₹20,028 करोड़ की तुलना में मार्च, 2017 की स्थिति को ₹11323 करोड़ रही जिसकी वजह ईरान की जमा का घटना था। मार्च, 2017 तक बैंक का ग्राहक आधार 8 % बढ़कर 3.10 करोड़ हो गया।

3.3 CASA (Domestic):

Domestic Current and Saving (CASA) deposits of the bank stood at ₹62,779 crore as of March 2017. The bank's CASA deposit to domestic deposits constituted 33.92% of Total Deposits. Savings deposit rose by 27.25% to ₹51,456 crore as at March 2017. Current deposit stood at ₹11,323 crore as of Mar'2017 as against ₹20,028 crore in Mar'16 on account of decline in Iran Deposits.The bank's customer base expanded by 8% to reach 3.10 crore by Mar'17.



3.4 वित्तीय कार्यनिष्पादन:

बैंक को 31.03.2017 को समाप्त सम्पूर्ण वर्ष में ₹1851 करोड़ की नेट हानि हुई है जिसकी तुलना में इससे पिछले वर्ष ₹2799 करोड़ की शुद्ध हानि हुई थी। मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष का परिचालन लाभ ₹2926 करोड़ का रहा जिसकी तुलना में पिछले वर्ष यह ₹3603 करोड़ था।

बैंक का कुल प्रावधान और आकस्मिक खर्च घटकर ₹4777 करोड़ हो गया जिसकी तुलना में पिछले वर्ष यह ₹6403 करोड़ था।

बैंक की कुल आय पिछले वर्ष के ₹20157 करोड़ की तुलना में मार्च 2017 की स्थिति को ₹18440 करोड़ रही। ऋण और अग्रिम से ब्याज आय ₹9871 करोड़ की हुई, निवेशों से प्राप्त ब्याज ₹5734 करोड़ का रहा। शुद्ध ब्याज आय मार्च 16 की स्थिति के ₹4848 करोड़ की तुलना में मार्च, 17 की स्थिति को ₹3817 करोड़ की रही। मार्च, 17 की स्थिति को अर्जित गैर-ब्याज आय ₹2114 करोड़ हुई जबकि इससे पिछले वर्ष में यह ₹1596 करोड़ की थी।

बैंक का ब्याज व्यय मार्च, 2016 की स्थिति के ₹13713 करोड़ से घटकर मार्च, 2017 की स्थिति को ₹12509 करोड़ हो गया। बैंक का कुल खर्च मार्च, 2016 की स्थिति के ₹16554 करोड़ के मुकाबले मार्च, 17 की स्थिति को ₹15514 करोड़ का रहा। मार्च, 2017 की स्थिति को बैंक की जमा लागत घटकर 5.83% रह गई और अग्रिमों से आय घटकर 9.60% हो गई जबकि मार्च, 16 की स्थिति को यह क्रमश: 6.11% एवं 10.17% थी। आय-लागत अनुपात 47.19% से बढ़कर 50.67% हो गया।

3.4 Financial Performance:

The bank incurred a Net Loss of ₹1851 crore for the whole year ending 31.03.2017 compared to the net loss of ₹2799 crore for the corresponding previous year. Operating Profit for the year ended Mar, 2017 is ₹2926 crore compared to ₹3603 crore for the last year.

Total provisioning and contingencies of bank decreased to ₹4777 crore compared to ₹6403 crore for the last year.

The bank's total income stood at ₹18440crore as of March 2017 compared to ₹20157crore last year. Interest income from loans and advances stood at ₹9871crore and interest from investment stood at ₹5734 crore. Net Interest income was ₹3817crore as of Mar'17 against ₹4848crore as of Mar'16. The Non-Interest income earned is ₹2114crore as on Mar'17 as compared to ₹1596crore in the corresponding previous year.

The bank's interest expenses declined to ₹12509 crore for March 2017 from ₹13713 crore in March 2016. Bank's total expenses stood at ₹15514 crore as on Mar'17against ₹16554 crore as of March, 2016. The Bank's cost of deposit declined to 5.83% and yield on advances decroreeased to 9.60% as at March 2017 from 6.11% and 10.17% respectively in Mar'16. Cost to income ratio incroreeased to 50.67% from 47.19%.

4. पूँजी:

2016-17 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक की निवल मालियत पिछले वर्ष के ₹9720 करोड़ से बढ़कर ₹10037 करोड़ हो गया। वर्ष 2016-17 में दिनांक 21.09.2016 को भारत सरकार ने ईक्विटी शेयर के अधिमानित आबंटन के द्वारा बैंक में ₹775 करोड़ की पूँजी निविष्ट की तथा बैंक ने इस

4. Capital :

Net worth of the Bank has increased to ₹10037 crore during the financial year ending 2016-17 from ₹9720 crore of the corresponding previous year.In 2016-17, Govt. of India infused ₹775 crore capital in the bank by way of preferential allotment of Equity Shares on 21.09.2016 and Bank allotted 18,69,72,255

हेतु अधिमान्य आधार पर प्रति शेयर ₹41.45 के निर्गम मूल्य पर भारत सरकार को दिनांक 05.10.2016 को 18,69,72,255 ईक्विटी शेयर आबंटित किए। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम ने ₹270.60 करोड़ की पूँजी निविष्ट की तथा बैंक ने इस हेतु अधिमान्य आधार पर प्रति शेयर ₹37.74 के निर्गम मूल्य पर एलआईसी को दिनांक 29.11.2016 को 7,17,00,000 ईक्विटी शेयर आबंटित किए। भारत सरकार ने दिनांक 31.03.2017 को ₹1150 करोड़ भी प्रदान किए जिसे "शेयर एप्लीकेशन मनी खाता" में रखा गया।

5. पूँजी पर्याप्तता अनुपात:

दिनांक 31.03.2017 की स्थिति को बासेल-III संरचना के अनुसार बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 10.93% रहा जो 10.25% की विनियामक आवश्यकता से ज्यादा था। बासेल- III संरचना के अनुसार पूंजी पर्याप्तता का ब्योरा नीचे दर्शाया जा रहा है।

equity shares to the Government of India on preferential basis at an issue price of ₹41.45 per share for the same on 05.10.2016. Further, Life Insurance Corporation of India infused ₹270.60 crore and bank allotted 7,17,00,000 equity shares to LIC on preferential basis at an issue price of ₹37.74 per share for the same on 29.11.2016. The Government of India also infused ₹1150 crore on 31.03.2017 which was maintained in the "Share Application Money Account".

5.Capital Adequacy Ratio:

As per Basel III framework, the Bank's Capital Adequacy Ratio of 10.93 % as at 31.03.2017 was higher than the regulatory requirement of 10.25%. Details of Capital Adequacy under Basel-III framework are shown as under.

(₹ करोड़ में / in ₹ crore)

विवरण/Particular	31.03.2017		31.03.2016	
	सीआरएआर (%) / CRAR(%)	राशि/Amount	सीआरएआर (%) / CRAR(%)	राशि/Amount
टियर-I/Tier- I	8.27	9868.74	7.63	9915.83
टियर-II/Tier- II	2.66	3176.36	2.00	2598.98
कुल पूँजी/Total Capital	10.93	13045.10	9.63	12514.81

6.कोष एवं अंतरराष्ट्रीय

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी नियामक दिशानिर्देशों तथा निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित बैंक की कार्पोरेट निवेश नीति के अनुरूप मैक्रो-इकोनोमिक परिदृश्य एवं बाजार की गति के साथ कदम से कदम मिलाते हुए बैंक अपने कोष एवं निवेश का परिचालन करता आ रहा है। बदले हुए परिदृश्य में, जहां अत्याधुनिक तकनीक कोष एवं जोखिम प्रबंधन को धारदार बना रही है, प्रभावी एवं सक्षम तरीके से संसाधन का अधिकतम इस्तेमाल करने और निवेश एवं ट्रेडिंग पर आय को अधिकतम बढ़ाने के लिए बैंक ने वैश्विक स्तर पर उपयोगी एक समेकित कोष प्रबंधन प्रणाली की शुरूआत की है।

बैंक के सकल वैश्विक निवेश में 11.76% की कमी हुई और यह 31.03.2016 की स्थिति के ₹82361 करोड़ से घटकर 31.03.2017 की स्थिति को ₹72628 करोड़ हो गया। गैर-एसएलआर निवेश (घरेलू) में 0.41% की आंशिक वृद्धि हुई और यह 31.03.2016 की स्थिति के ₹12655 करोड़ से 31.03.2017 की स्थिति को ₹12707 करोड़ हो गया। एसएलआर निवेश 31.03.2017 की स्थिति को 14.04% की कमी दर्ज करते हुए ₹59921 करोड़ पर रहा, जबकि 31.03.2016 की स्थिति को यह ₹69706 करोड़ था। कोष प्रचालनों के जरिए लाभ को अधिकतम करने के सभी प्रयास किए गए। बैंक ने 31.03.2017 की स्थिति को समाप्त वर्ष के दौरान निवेश प्रचालनों से ₹7507.47 करोड़ की आय अर्जित की, जिसकी तुलना में 31.03.2016 की स्थिति को समाप्त वर्ष के दौरान यह आय ₹6565.18 करोड़ की थी। इसमें 14.35% की बढ़त दर्ज हुई।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान बैंक ने ₹534.94 करोड़ के 174 निर्यात बिलों का परक्रामण किया तथा संग्रहण एवं अग्रिम भुगतान श्रेणी के अंतर्गत 10000 बिलों में कुल ₹7447 करोड़ का भुगतान सुलभ कराया।

बैंक ने ₹1224.42 करोड़ तक का व्यापार लाभ कमाया। 31.03.2017 को समाप्त वर्ष के दौरान निवेश आय ₹5681.76 करोड़ की तुलना में ₹5736.41 करोड़ रही जिसमें वर्ष-दर-वर्ष 0.96% की आंशिक वृद्धि दर्ज हुई।

6.TREASURY & INTERNATIONAL

Bank has been performing its Treasury & Investment Operations by keeping track of the macroeconomic scenario and market developments in accordance with the regulatory guidelines issued by Reserve Bank of India from time to time as also the Bank's Corporate Investment Policy approved by the Board of Directors. In the changed scenario where state of the art technology is providing cutting edge in Treasury & Risk Management, Bank has also embarked upon globally deployable Integrated Treasury Management Solution for an effective and efficient way to optimize resource utilization and maximize returns on investment and trading.

The aggregate Domestic Investment declined by 11.76%from ₹82361 crores as on 31.03.2016 to ₹72628 crores as on 31.03.2017. Non SLR Investment (Domestic) grew marginally by 0.41% from ₹12655 crores as on 31.03.2016 to ₹12707 crores as on 31.03.2017. SLR Investment declined by 14.04% from ₹69706 crores as on 31.03.2016 to ₹59921 crores as on 31.03.2017. All efforts were made to maximise profits through treasury operations. During the year ended 31.03.2017, bank earned Profit from Investment Operations amounting to ₹7507.47 crore vis-à-vis ₹6565.18 crore during the ended 31.03.2016 thereby registering an increase of 14.35% y-o-y.

During FY 2016-17 Bank negotiated 174 number of export bills amounting ₹534.94 crore and facilitated payment aggregating ₹7447 crore comprising 10000 number of bills under collection and advance payment category.

Bank clocked Trading Profit to the tune of ₹1224.42 crores. Income from Investment during the year ended 31.03.2017 was ₹5736.41 Crore vis-à-vis ₹5681.76 Crore thereby registering a marginal increase of 0.96% on y-o-y basis.

6.1 निर्यात वित्त :

भारत भर में स्थित 65 'बी श्रेणी की शाखाओं के साथ यूको बैंक सक्रिय रूप से निर्यातकों की जरूरतें पूरी करने के लिए कटिबद्ध है। मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक का कुल मर्चेन्ट कारोबार ₹34,174 करोड़ का था जो पिछले वर्ष की तुलना में 47.94% कम है। 31 मार्च, 2017 की स्थिति को हमारे बैंक का निर्यात ऋण बकाया ₹2,133.95 करोड़ का है, जिसमें 31 मार्च, 2016 की स्थिति की अपेक्षा 9.09% की गिरावट दर्ज की गई है।

फरवरी, 2012 से 'यूको बैंक भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक की अनिवार्यता के अनुसार "रुपया भुगतान प्रणाली" के अंतर्गत ईरान के साथ द्विपक्षीय बैंकिंग व्यापार लेन-लेन सुलभ करा रहा है जिससे भारतीय निर्यातकों को ईरान को अनुमत वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात में सुविधा होती है।

7. सामाजिक बैंकिंग:

7.1 प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को अग्रिम:

बैंक कुछ वर्षों से प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को उधार देने में महत्वपूर्ण कार्य प्रदर्शित करता रहा है और अपनी ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी शाखाओं के विशाल नेटवर्क के द्वारा प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र एवं कृषि क्षेत्र को प्रभावी ढंग से सेवाएँ देता रहा है।

दिनांक 31.03.2017 की स्थिति को बैंक द्वारा प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को दिए गए अग्रिम ₹56177 करोड़ के रहे जो समायोजित नेट बैंक ऋण (एएनबीसी) का 41.53% थे।

7.1.1 कृषि को अग्रिम:

बैंक का कुल कृषि अग्रिम ₹20092 करोड़ रहा, जो एएनबीसी का 14.85% है। प्रत्यक्ष कृषि ऋण ₹12232 करोड़ रहा, जो एएनबीसी का 9.04% है।

7.1.2 सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई):

बैंक देश के आर्थिक विकास में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका तथा देश में रोज़गार अवसरों को उत्पन्न करने में उससे मिलनेवाले सहयोग को स्वीकारता है। दिनांक 31.03.2017 को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम(एमएसई) के तहत दिए गए अग्रिम ₹22691 करोड़ तथा 31 मार्च, 2017 को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) के तहत दिए गए अग्रिम ₹26154 करोड़ के रहे।

7.1.2.1 सूक्ष्म, लघु तथा मझोले उद्यम(एमएसएमई) के तहत पहल:

- एमएसई इकाइयों के वित्तपोषण हेतु कार्यशील पूँजी सीमा के संशोधित दिशानिर्देशों में उसे अनुमानित वार्षिक बिक्री राशि के 20% से बढ़ाकर 25% कर दिया गया है। जो एमएसएमई इकाइयाँ अपने ग्राहकों से डिजिटल लेन-देन करती हैं उनको स्वीकृत की जानेवाली कार्यशील पूँजी सीमाओं के आकलन में उन्हें बिक्री राशि के 20% से बढ़ाकर 30% कर दिया गया है।
- सभी विद्यमान मानक और संतोषजनक खातों में, मौजूदा एमएसएमई उधार इकाई में 15% अतिरिक्त कार्यशील पूंजी सीमा स्वीकृत की गई है। इस पहल से 'विमुद्रीकरण अभियान के चलते अस्थायी नकदी कमी से उबरने में उधारकर्ताओं को मदद मिलेगी।
- हथकरघा बुनकरों के लिए 'यूको बुनकर ऋण योजना' नामक एक नई योजना प्रारंभ की गई है जिससे उनको अपना कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- यूको एम-बैंकिंग में पीएमएमवाई एप्लीकेशन मॉड्यूल कार्यान्वित किया गया है। अब संभाव्य उधारकर्ता यूको एम-बैंकिंग के जरिए मुद्रा ऋणों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

6.1. Export Finance:

With 65 'B' Category Branches across India, UCO Bank is committed to actively cater to the needs of its Exporters. Total Merchant Turnover of the Bank during the Financial Year ended March, 2017 stood at ₹34,174 crore which is 47.94% lower than previous year. Bank's Export Credit outstanding as on 31st March, 2017 is ₹2,133.95 crore, registering a decline of 9.09% over 31st March, 2016.

'UCO Bank' has been facilitating Bi-lateral Banking Trade Transactions with Iran under "Rupee Payment Mechanism" since Feb, 2012 as mandated by Govt. of India/RBI, there by facilitating Indian Exporters, exporting permissible goods and services to Iran.

7. SOCIAL BANKING

7.1. Priority Sector Advances:

The Bank has been showing significant performance in lending to Priority Sector over the years and has been effectively servicing the priority sector and agriculture sector with its vast network of rural and semi-urban branches.

As on 31.03.2017, the Priority Sector Advances of the Bank stood at Rs.56177 crore constituting 41.53% of Adjusted Net Bank Credit (ANBC).

7.1.1. Agriculture Advances:

Total Agriculture Advances of the Bank stood at Rs.20092 crore constituting 14.85% of ANBC. Direct Agriculture stood at ₹12232 crore constituting 9.04% of ANBC.

7.1.2. Micro, Small & Medium Enterprises (MSME):

Bank recognizes the important role of MSME in the economic development of the Country which is also supporting in generating employment opportunities in the Country. The advances under Micro & Small Enterprises (MSE) as on 31.03.2017 stood at ₹22691 crore and under Micro, Small & Medium Enterprises (MSME), the advances are ₹26154 crore as of 31.03.2017.

7.1.2.1. INITIATIVES UNDER MSME:

- Revised guidelines for Working Capital limit for financing MSE units has been enhanced from 20% of projected annual sales to 25% of projected annual sales. The assessment of Working Capital limits sanctioned to MSME units that transact digitally with their customers has been enhanced from 20% of projected sales to 30% of projected sales.
- 15% additional working capital limit in existing MSME borrowal units is granted, in all existing standard & satisfactory accounts. This initiative will help the borrowers to tide over the temporary cash crunch arising out of the 'Demonetization initiative'.
- Launched a new scheme, 'UCO BunkarRinnYojana' for financing handloom weavers. This will help the handloom weavers to expand their business.
- A PMMY application module has been operationalized in UCO M-Banking. The prospective borrowers may now apply for MUDRA loans through UCO M-Banking.

- यूको बैंक वेबसाइट/पोर्टल पर एक एमएसई एप्लीकेशन मॉड्यूल सक्रिय किया गया है। संभाव्य उधारकर्ता यूको बैंक वेबसाइट के जरिए एमएसई ऋणों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

7.1.3 कमजोर वर्गों को ऋण:

31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार कमजोर वर्गों को प्रदान किया गया अग्रिम ₹12942 करोड़ का रहा, जो समायोजित नेट बैंक ऋण का 9.57% है।

7.1.4 अल्पसंख्यक समुदाय को ऋण:

दिनांक 31.03.2017 की स्थिति को बैंक का कुल अल्पसंख्यक समुदाय अग्रिम ₹7525 करोड़ रहा जो प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम का 13.40% है।

7.2 अनूठी योजनाएं:

बैंक की दो अनूठी योजनाएँ हैं – (1) "यूको उत्थान" – अपनाए गए गांवों के गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के उत्थान के लिए तथा (2) "यूको समग्र ग्रामीण विकास योजना" – समग्र विकास के लिए गाँवों को अपनाना।

7.2.1 यूको उत्थान योजना : गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए सामाजिक-सह-वित्तीय उत्थान योजना

योजनांतर्गत जिन गाँवों में गरीबी रेखा से नीचे के परिवार बड़ी संख्या में हैं उनको बैंक अपनी निकटतम शाखा के माध्यम से अपनाता है ताकि गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को गरीबी के चंगुल से छुड़ाया जा सके और गाँवों में समग्रत: परिवर्तन लाया जा सके। इस योजना में शिक्षा, ग्रामीण आवास हेतु वित्तपोषण, स्वयंसेवी समूहों का गठन एवं सूक्ष्म वित्तीयन, हस्तकला एवं ग्रामीण हस्तशिल्पियों का विकास, जैसे क्षेत्रों को शामिल कर, ग्रामवासियों की एक समग्र विकास योजना बनाकर उस पर कार्रवाई की जाती है तथा डीआरआई योजना के तहत वित्त प्रदान किया जाता है।

बैंक ने 10 राज्यों, यानी असम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडीशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में यूको उत्थान योजना के तहत 21 गाँवों को अपनाया है।

बैंक ने इन गाँवों में बहुत से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए हैं और विशेषकर गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को अपनी आजीविका बेहतर बनाने, अपनी आय बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है ताकि वे गरीबी रेखा से ऊपर उठ सकें।

इन प्रयासों से ऐसे 21 गाँवों के 2497 गरीबी रेखा से नीचे के परिवार पिछले 3 वर्षों के दौरान बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण सहायता के द्वारा बेहतर ढंग से अपनी आजीविका अर्जित कर गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुके हैं। गरीबी रेखा से नीचे के ये परिवार डेयरी व्यवसाय, बकरी पालन, पान की खेती, शाक सब्जी उगाना, साइकिल मरम्मत, जूता मरम्मत, फल बेचना, किराना दुकान, चाय का स्टॉल लगाना, बीड़ी बनाना, ट्रॉली चलाना, मिस्त्री का कारोबार आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों को अपनाकर आय अर्जन कर रहे हैं।

7.2.2 यूको समग्र ग्रामीण विकास योजना – गाँव के समग्र विकास के लिए

बैंक ने 6 राज्यों, यथा गुजरात, हिमाचल प्रदेश, ओडीशा, केरल, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 10 गांवों को उनके समग्र विकास के लिए यूको समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत अपनाया है।

इन गाँवों में बैंक ने ग्रामवासियों को शिक्षित करने के लिए वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए हैं, उन्हें वित्तीय सहयोग दिया है तथा कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विकासात्मक गतिविधियों की भी शुरूआत की है। वित्तीय सहयोग के अंतर्गत बैंक ने छोटे व्यापारियों को जनरल केडिट कार्ड (जीसीसी), हस्तशिल्पियों को आर्टिसन केडिट कार्ड (एसीसी), किसानों को किसान केडिट कार्ड(केसीसी), स्वयं सहायता समूहों को ऋण,

- An MSE application module has been made active in UCO Bank website/portal. The prospective borrowers can apply MSE loans through UCO Bank website.

7.1.3. Advances to Weaker Sections:

Advances to Weaker Section stood at Rs.12942 crore as of 31st March, 2017 constituting 9.57% of ANBC.

7.1.4. Minority Community Advances:

Total Minority Community Advances of the Bank as on 31.03.2017 stood at ₹7525 crore constituting 13.40% of Priority Sector Advances.

7.2. Unique Schemes:

The Bank has two unique schemes - (1) "UCO Uthaan" for upliftment of BPL families of adopted villages & (2) "UCO SamagraGraminVikasYojna" - Adoption of villages for all-round development.

7.2.1. UCO Uthaan Scheme: Social-cum-Financial upliftment scheme for BPL families

Under the Scheme, villages having large number of BPL families are adopted by the Bank through its nearest branch to bring the BPL families out of the clutches of poverty and tobring about a holistic change in the villages. Under the scheme, a holistic development plan of the villages is drawn and followed up for covering areas like education, financing for rural housing, formation of SHG and micro-financing, development of handicrafts & rural artisans and extending finance under DRI Scheme.

The Bank has adopted 21 villages in 10 states i.e. Assam, Bihar, Gujarat, Maharashtra, Odisha, Punjab, Rajasthan, Tamil Nadu, Uttar Pradesh & West Bengal under UCO Uthaan Scheme.

Bank has conducted several financial literacy camps in these villages and has provided financial assistance particularly to BPL families to improve their livelihood, to generate more income so that they come above poverty line.

By these efforts, 2497 BPL families, in these 21 adopted villages, have been provided with credit assistance by Bank to uplift their livelihood in better way during last 3 years. These BPL families are generating their income by adopting several activities like dairy farming, goat farming, betel leaf cultivation, vegetable growing, cycle repairing, shoe mending, fruit vending, grocery shop, tea stall, beedi making, trolley plying, mason jobs etc.

7.2.2. UCO SamagraGraminVikasYojna : For all-round development of villages

The Bank has adopted 10 villages in 6 states i.e. Gujarat, Himachal Pradesh, Odisha, Kerala, Uttar Pradesh & West Bengal for its all-round development under UCO Samagragramin VikasYojna.

In these villages, Bank has conducted financial literacy camps to educate the villagers, extended financial support to them and has also initiated developmental activities under Corporate Social Responsibility. Under financial assistance, Bank has given General Credit Cards (GCC) to small traders, Artisan Credit Cards (ACC) to artisans, Kisan Credit Cards (KCC) to farmers, loan to

पशुपालन गतिविधियाँ करने के लिए ऋण, महिला एवं अजा / अजजा हिताधिकारियों को ऋण प्रदान किए हैं। कई छोटे व्यापारियों ने बैंक ऋण की सहायता से खुद का कारोबार शुरूकर दिया है। कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा बैंक ने विभिन्न स्कूलों को सीलिंग पंखे, वाटर प्यूरिफायर, स्कूल के पुस्तकालय के लिए स्टील की अलमारी, किताबें, स्कूली विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफार्म दिए हैं, गांवों में पीने के पानी के लिए हैंड पंप लगवाने, गांवों में सड़कों पर सौर लाइट लगवाने, पक्की सड़क बनवाने के काम किए हैं।

बैंक ने उपर्युक्त 10 गांवों में से दो बैंक सेवा रहित गांवों के ग्रामवासियों को मोबाइल वैन के जरिए दरवाजे तक बैंकिंग सुविधाएँ प्रदान की हैं। यह वैन सप्ताह के दौरान किसी पूर्व निर्धारित दिन और समय पर इन दो गांवों में आती है और ग्रामवासियों को उनके दरवाजे पर सभी तरह की बैंकिंग सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। इस पहल के कारण ग्रामवासियों की बचत करने की आदत बढ़ी है। इन वैनों के माध्यम से ग्रामवासी वित्तीय रूप से शिक्षित भी हो रहे हैं।

इन गतिविधियों से अपनाए गए गांवों में समग्रत: विकास हो रहा है और ग्रामवासियों को भरपूर लाभ मिल रहा है।

SHGs, loan for doing animal husbandry activities, loan to women & SC/ST beneficiaries. Many small traders have started their own business with the support of Bank loan.Through CSR activities, Bank has given Ceiling Fans, Water purifiers to different schools, Steel Almirahs, Books for school library, School uniform for school going children, installation of hand pumps for drinking water in the villages, installation of Solar street lights in the villages, construction of metallic road.

In two villages, out of above 10 villages, Bank has provided doorstep banking facilities to the villagers of these unbanked villages through Mobile Van. The Van visits these two villages on a predetermined day and time during the week and provides all types of banking facilities to the villagers at their doorstep. There has been increase in the saving habits of the villagers due to this initiative. Through these vans, villagers are also being financially educated.

By these activities, there is an all-round development in the adopted villages and the villagers are very much benefitted.

8. वित्तीय समावेशन:

भारत 6 लाख से अधिक गांवों का देश है जहाँ बैंकिंग सुविधा मुहैया कराना किसी चुनौती से कम नहीं रहा है। 28 अगस्त, 2014 को प्रारंभ की गई भारत सरकार की अभियान-स्वरूप परियोजना "पीएम जन धन योजना" का उद्देश्य वंचित जनसमूह को संरचनायुक्त बैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत लाकर उसका सक्रिय हिस्सा बनाना है, ऐसे लोगों में बचत करने की आदत विकसित करनी है जो अब तक आर्थिक मुख्यधारा में शामिल नहीं हो सके हैं और गरीबी रेखा के नीचे के लोगों की ऋण जरूरतों पर ध्यान देकर उधार देनेवाले साहूकारों की बेईमानी को समाप्त करना है। ऐसी स्थितियों में बैंक ने पीएमजेडीवाई के तहत 57.21 लाख से ज्यादा खाते खोलकर उनमें ₹1263 करोड़ की राशि जुटाई है।

8.FINANCIAL INCLUSION:

India is a country of more than 6 lakh villages wherein providing banking facility has been a challenge. Govt. of India's mission mode project "PM Jan DhanYojna", launched on 28th Aug, 2014, aims to bring excluded masses under the umbrella of structured banking system, to inculcate the habit of saving among the people who are so far excluded from the economic mainstream and thereby to eliminate the dishonest practices of money lenders by catering to credit needs of people below poverty line. Rising to the occasion, Bank has opened more than 57.21 lakh accounts so far under PMJDY and mobilized ₹1263 crore in these accounts.

8.1 माइक्रो एटीएम - यूको सारथी

बैंक ने यूको सारथी नामक रुपे कार्ड लेन-देन समर्थित टैब आधारित माइक्रो एटीएम की शुरूआत की है जिसका इस्तेमाल विविध प्रकार की बैंकिंग सेवाएँ देने के लिए बीसी (बैंक मित्र) एजेंटों द्वारा किया जा रहा है। ये माइक्रो एटीएम व्यापक विस्तार में बैंकिंग सेवाएँ देने योग्य तैयार किए गए हैं जिनमें बैंक के ग्राहक को आरडी और एफडी ऑनलाइन खुलवाना, आधार समर्थित सेवाएँ, ई-केवाईसी; रूपे कार्ड पिन आधारित लेन-देन; मौजूदा ग्राहकों एवं अन्य नागरिकों, दोनों के लिए आईएमपीएस के जरिए तत्काल धन प्रेषण, मोबाइल रीचार्ज और अन्य बिल भुगतान; पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई जैसे सूक्ष्म बीमा उत्पाद और एपीवाई जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ शामिल हैं। माइक्रो एटीएम में आधार पंजीकरण, आधार मोबाइल अपडेट जैसी सेवाएँ जोड़ दी गई हैं। वित्तीय वर्ष के दौरान 3000 से ज्यादा माइक्रो एटीएम नियोजित किए हैं।

8.1 Micro ATM - UCO SARATHI

Bank has launched,"RuPay Card transaction enabled Tab based Micro ATM" called UCO SARATHI, which can be used by BC Agents (Bank Mitr) for offering a wide range of Banking Services. These Micro ATMs are equipped with plethora of banking services including Online opening of RD & FD to Bank's customer, Aadhaar enabled services, eKYC; RuPay Card PIN based transactions; real time Remittance through IMPS system for both existing and walk-in customers, mobile recharge and other bill payments; Micro Insurance products like PMJJBY & PMSBY and social security schemes like APY (Atal Pension Yojna). Services like Aadhaar Seeding, Aadhaar Mobile Update etc. are added to the Micro ATM. Deployment of Micro ATMs has crossed 3000 mark during the financial year.

8.2 पीएमजेजेबीवाई एवं पीएमएसबीवाई का कार्यान्वयन

अब तक बैंक सेवाओं से वंचित जनसमूह को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के सरकार के एजेंडे पर काम करते हुए बैंक ने बीमा और पेंशन उत्पादों जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का अपनी शाखाओं और बीसी नेटवर्क के माध्यम से सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया है।

निरंतर वित्तीय समावेशन के अंतर्गत किए जा रहे प्रयास धीरे-धीर रंग ला रहे हैं और बैंक ने इन गतिविधियों के माध्यम से मूर्त और अमूर्त दोनों प्रकार के लाभ अर्जित करना शुरू कर दिया है। जहाँ शाखाओं का विरलीकरण, लेन-देन लागत की कमी और कासा आधार की वृद्धि

8.2 Implementation of PMJJBY and PMSBY:

Working on the government's theme of providing social security to hitherto unbanked masses, Bank has successfully implemented Insurance and Pension products namely, Pradhan MantriJeevanJyotiBimaYojna(PMJJBY), Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojna (PMSBY), Atal Pension Yojna (APY) through its Branch and BC network.

Gradually, efforts under Financial Inclusion are showing results and Bank has started gaining both tangible and intangible benefit out of these activities. While decongestion of branches, reduction of transaction cost and increase in

वित्तीय समावेशन परियोजना के अमूर्त लाभ रहे हैं; वहीं विविध उत्पादों के तहत अर्जित कमीशन के रूप में मूर्त लाभ भी प्राप्त हुए हैं।

पीएमजेजेबीवाई योजना के अंतर्गत 4.81 लाख नामांकन किए गए हैं, वहीं पीएमएसबीवाई योजना के अंतर्गत 11.03 से अधिक जीवन बीमा किए गए हैं। वर्ष के अंतर्गत कुल 1208 दावे पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत और 182 दावे पीएमएसबीवाई के अंतर्गत निपटाए गए।

वर्ष के अंतर्गत अटल पेंशन योजना के तहत कुल नामांकनों का आंकड़ा 50000 पार कर चुका है। एपीवाई और डीबीटीएल के जरिए बैंक को क्रमश: ₹57 लाख और ₹1.99 करोड़ का कमीशन अर्जित हुआ है।

9. रिटेल बैंकिंग

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान बैंक ने विभिन्न प्रतिस्पर्धी और प्रवर्तनकारी उत्पाद सृजित किए और मौजूदा आस्ति उत्पादों में भी कई बदलाव किए गए।

9.1 रिटेल आस्तियाँ

हमारा रिटेल ऋण संविभाग मार्च-2016 से 6.33% बढ़ा है। यूको आवास ऋण संविभाग मार्च-2016 से 6.99% तक बढ़ा है, यूको संपत्ति ऋण में मार्च-2016 से 30.50% की वृद्धि देखी गई है। यूको स्वर्ण ऋण संविभाग में मार्च-2016 से 19.30% की वृद्धि देखी गई है।

9.2 नई पहल

9.2.1 योजनागत रिटेल उधार:

बैंक ने अपने मौजूदा आवास ऋण ग्राहकों के लिए ब्याज पूँजीकरण योजना की शुरूआत की थी। निष्ठावान ग्राहकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों, केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों तथा हमारे स्टाफ के लिए रियायती ब्याज दरें लाई गई हैं। बाजार जरूरतों के अनुरूप अन्य कई आस्ति उत्पादों में बदलाव किए गए। वित्तीय समावेशन विभाग ने वर्ष भर यूको आवास ऋण मुहिम आयोजित कर ₹850 करोड़ से भी अधिक राशि जुटाई।

बैंक ने विद्या लक्ष्मी पोर्टल पर शिक्षा ऋण आवेदनों की प्रोसेसिंग की शुरूआत की है। ₹7.5 लाख तक के स्वीकृत शिक्षा ऋणों की चूक के मामले में कवरेज देने के लिए शिक्षा ऋणों हेतु बैंक ने एक ऋण गारंटी निधि योजना कार्यान्वित की है। बिहार राज्य के विद्यार्थियों के लिए हमने बिहार विद्यार्थी केडिट कार्ड योजना का शुभारंभ किया गया है। आठ प्रीमियर शिक्षण संस्थानों के आकर्षक विशेषताओं के साथ सुपर प्रीमियर शिक्षा ऋण योजना प्रारंभ की गई। आईबीए के दिशानिर्देशों के अनुरूप यूको कौशल ऋण योजना शुरू की गई जिसका उद्देश्य भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कौशल विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देना था।

प्री-यूज़्ड कार ऋण योजना में कुछ बदलाव किए गए, खासकर उन उधारकर्ताओं के लिए जो प्रमाणित कार डीलरों जैसे मारूति ट्रू वैल्यू आदि से प्री-यूज़्ड कारें खरीद रहे हैं। योजना को और अधिक आकर्षक और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए यूको कैश ऋण योजना में बदलाव किए गए हैं।

9.2.2 अन्य पहल

बैंक ने संबंधित मोबाइल ऐप पर उड़ानों, होटलों की बुकिंग पर अपने ग्राहकों को तत्काल छूट की पेशकश करने के लिए क्लियरट्रिप.कॉम एवं यात्रा.कॉम के साथ गठजोड़ किया। गोईबीबो.कॉम के साथ संयुक्त रूप से आकर्षक छूटों और शून्य सुविधा शुल्क पर यूको मोबाइल ऐप के जरिए टिकट बुकिंग की शुरूआत की गई। हमारे बैंक ने अफिलियेट मर्चेन्ट प्रोग्राम के लिए बिज़ साइंसेज़ के साथ गठजोड़ किया है जिसमें बैंक के वॉलेट यूको पे का उपयोग करने पर ग्राहकों

CASA base are intangible benefits of FI Project; tangible benefits have come in the form of commission earned under various products.

Under PMJJBY scheme, there are 4.81 lac subscribers, whereas under PMSBY scheme more than 11.03 lac people are insured. During the year a total of 1208 claims were settled under PMJJBY and 182 under PMSBY.

Total subscribers under Atal Pension Yojna crossed 51000 during the year. Through APY and DBTL, bank has earned a commission of ₹57 lac and ₹1.99 crore respectively.

9 . RETAIL BANKING:

During the FY 2016-17, Bank came out with various competitive and innovative products and also several modifications were done in existing asset products.

9.1 RETAIL ASSETS

Our retail loan portfolio has grown 6.33% over March-16. UCO Home loan portfolio has grown by 6.99% over March-16, UCO Property loan has witnessed growth of 30.50% over March-16. UCO GOLD LOAN portfolio has witnessed a growth of 19.30% over March-16.

9.2 New Initiatives:

9.2.1 Schematic Retail Lending:

2.	क्या सहायक कंपनी / कंपनियाँ वर्तमान कंपनी की कारोबार दायित्व पहल में शामिल होती हैं ? यदी हां, तो ऐसी सहायक कंपनी (कंपनियों) की संख्या का उल्लेख करें : Do the Subsidiary Company/Companies participate in the BR Initiatives of the parent company? If yes, then indicate the number of such subsidiary company (s):	लागू नहीं / Not Applicable
3.	क्या कोई अन्य संस्था / संस्थाएँ (यथा : आपूर्त्तिकर्ता, वितरक), जिसके साथ कंपनी कारोबार करती है, कंपनी के कारोबारदायित्व में शामिल होती हैं ? यदी हाँ, तो ऐसी संस्था / संस्थाओं के प्रतिशत का उल्लेख करें (30% से कम, 30-60%, 60% से अधिक Do any other entity/entities (e.g. suppliers, distributors etc.) that the Company does business with, participate in the BR initiatives of the Company? If yes, then indicate the percentage of such entity/entities? (Less than 30%, 30-60%, More than 60%) :	नहीं / No

खंड ई : कारोबार दायित्व संबंधी सूचना

1. कारोबार दायित्व के प्रति उत्तरदायी निदेशा/निदेशकों के ब्योरे।

क) कारोबार दायित्व नीति/नीतियों के कार्यान्वयन हेतु उत्तरदायी निदेशक/निदेशकों के ब्योरे।

- डीआईएन : 07186055
- नाम : श्री जी. सुब्रमनिया अय्यर
- पदनाम : कार्यपालक निदेशक

ख) कारोबार दायित्व प्रमुख के ब्योरे

SECTION D : BR INFORMATION

1. Details of Director/Directors responsible for BR

a) Details of the Director/Directors responsible for implementation of the BR Policy/Policies.

- DIN : 07186055
- Name : Shri G. Subramania Iyer
- Designation : Executive Director

b) Details of the BR head

क्रम सं.	विवरण	ब्योरे
1	डीआईएन (यदि लागू हो)	लागू नहीं
2	नाम	श्री रॉनी गुप्ता
3	पदनाम	महाप्रबंधक
4	दूरभाषा संख्या	44558060
5	ई-मेल आईडी	hopdev.calcutta@ucobank.co.in

Sl. No.	Particulars	Details
1.	DIN (if applicable)	Not Applicable
2.	Name	Shri Ronnie Gupta
3.	Designation	General Manager
4.	Telephone number	44558060
5.	E-mail id	hopdev.calcutta@ucobank.co.in

2. सिद्धांतवार कारोबार दायित्व नीति/नीतियाँ / Principle-wise BR Policy/policies

क्र.सं. Sr.No.	प्रश्न / Questions	राष्ट्रीय स्वैच्छिक दिशानिर्देश (एनवीजी) के सिद्धांत Principles of National Voluntary Guidelines (NVG) 1 2 3 4 5 6 7 8 9
1.	क्या उक्त सिद्धांत हेतु आपकी कोई नीति/नीतियाँ हैं ? Do you have a policy/policies for the said principle?	हाँ / Yes
2.	क्या यह नीति संबद्ध जोखिम धारकों के परामर्श से बनाई की गई है ? Has the policy being formulated in consultation with the relevant stakeholders?	हाँ / Yes
3.	क्या यह नीति राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है ? Does the policy conform to any national /international standards?	बैंक की कारोबार दायित्व नीतियाँ सामान्यत: भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों पर सम्यक विचार कर बनाई जाती हैं । The Business Responsibility Policies of the Bank are generally formulated duly considering the guidelines issued by Government of India, Reserve Bank of India from time to time.
4.	क्या यह नीति बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित की गई है ? Has the policy being approved by the Board?	हाँ / Yes
5.	क्या नीति के कार्यान्वयन की देख-रेख हेतु कंपनी में बोर्ड/निदेशक/ अधिकारियों की कोई विनिर्दिष्ट समिति है ? Does the company have a specified committee of the Board/ Director/Official to oversee the implementation of the policy?	हाँ / Yes
6.	ऑनलाइन देखी जानेवाली नीति के लिंक का उल्लेख करें ? Indicate the link for the policy to be viewed online?	https://www.ucobank.com/about-us
7.	क्या इस नीति को सभी संबंधित आंतरिक और बाह्य हितधारकों को औपचारिक रूप से सूचित कर दिया गया है? Has the policy been formally communicated to all relevant internal and external stakeholders?	हाँ। कारोबार दायित्व सिद्धांतों से संबंधित नीतियाँ बैंक की वेबसाइट पर अपलोड की गई हैं। संबंधित आंतरिक और बाह्य हितधारक समूहों के साथ की जानेवाली बैठकों में हितधारकों को इन नीतियों के बारे में अवगत कराया जाता है। Yes. The policies relating to the Business Responsibility principles are uploaded on the Bank's website. Stakeholders are kept informed about these policies at the meetings with the relevant internal and external stakeholders groups.
8.	क्या नीति/नीतियों के कार्यान्वयन के लिए कंपनी की कोई आंतरिक संरचना है? Does the company have in-house structure to implement the policy/policies	हाँ / Yes
9.	क्या नीति/नीतियों से संबंधित हितधारक शिकायतों पर ध्यान देने के लिए कंपनी की नीति/नीतियों से संबंधित कोई शिकायत निवारण प्रणाली है? Does the Company have a grievance redressal mechanism related to the policy/policies to address stakeholders' grievances related to the policy/policies?	हाँ / Yes
10.	क्या किसी आंतरिक या बाह्य एजेंसी द्वारा कंपनी ने इस नीति की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र लेखापरीक्षा/आकलन करवाया है? Has the company carried out independent audit/ evaluation of the working of this policy by an internal or external agency?	कारोबार दायित्व के सिद्धांतों के तहत बैंक द्वारा किए गए कार्यकलापों को उनकी समीक्षा/आकलन के लिए बोर्ड/उच्च प्रबंधन को रिपोर्ट किया जाता है। The activities taken up by the Bank under the principles of Business Responsibility are reported to the Board/Top Management for its review/evaluation.

3. बीआर से संबंधित अभिशासन

- कंपनी के बीआर निष्पादन का निर्धारण करने हेतु निदेशक मंडल, बोर्ड की समिति अथवा सीईओ की बैठकों की बारंबारता बताएँ। 3-6 माह के अंदर, वार्षिक, एक वर्ष से अधिक ।

- क्या कंपनी बीआर या सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट प्रकाशित करती है? इस रिपोर्ट को देखने का हाइपरलिंक क्या है? इसके प्रकाशन की अवधि क्या है?

बैंक वर्ष में एक बार बीआर रिपोर्ट प्रकाशित करता है। इस रिपोर्ट को देखने का हाइपरलिंक http://www.ucobank.com/about us है।

खंड उ : सिद्धांतवार कार्यनिष्पादन

सिद्धांत 1 : व्यवसाय का संचालन और अभिशासन नैतिकता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के अनुरूप किया जाना चाहिए।

बैंक की कारोबार नीतियाँ पारदर्शिता और व्यवसायपरकता के मूलभूत मूल्यों के ताने बाने से बनाई गई हैं। कारपोरेट अभिशासन मानकों की विस्तृत जानकारी वार्षिक रिपोर्ट के 'कारपोरेट अभिशासन की रिपोर्ट भाग में देखी जा सकती है।

बैंक ने निदेशक मंडल में मौजूद अपने निदेशकों और कोर प्रबंधन के लिए आचार संहिता गठित की है जिनमें सत्यनिष्ठ एवं नैतिक आचार के उच्चतम मानकों का अनुपालन विहित किया गया है। इसमें वैयक्तिक और व्यावसायिक संबंधों के वास्तविक अथवा आभासी हितपरक टकरावों के साथ निर्वाह की समुचित और नैतिक प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। बैंक के निदेशक मंडल ने यूको बैंक अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियम, 1976 बनाए हैं जिनमें बैंक के अधिकारी कर्मचारियों के आचार की मर्यादा की गई है।
उपर्युक्त के अलावा बैंक नैतिकता, रिश्वत और भ्रष्टाचार के संबंध में मूलत: केन्द्रीय सतर्कता आयोग (लिंक :http://cvc.nic.in/ man04.pdf) द्वारा जारी सतर्कता मैनुअल में निहित सीवीसी दिशानिर्देशों का अनुसरण करता है।

सिद्धांतवार कार्यनिष्पादन की प्रतिक्रिया :

1. क्या नैतिकता, रिश्वत और भ्रष्टाचार से संबंधित नीति केवल कंपनी पर लागू होती है? क्या इसका विस्तार समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारोंएनजीओ/अन्य तक भी है?

नैतिकता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार से संबंधित नीतियाँ बैंक और उसके कर्मचारियों पर लागू होती हैं । बैंक का कोई सहयोगी निकाय या संयुक्त उद्यम नहीं है।

2. पिछले वित्तीय वर्ष में से कितनी हितधारक शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उनमें से कितना प्रतिशत शिकायतें प्रबंधन द्वारा संतोषजनक रूप से निपटा दी गईं?

बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक ग्राहक शिकायत नीति लागू की है जिसका उद्देश्य समुचित सेवा, सुपुर्दगी एवं समीक्षा प्रणाली के जरिए ग्राहक शिकायतों को न्यूनतम पर ले जाना तथा उनका जल्द से जल्द निपटान सुनिश्चित करना है। यह नीति बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

ग्राहक सेवा बेहतर बनाने के संबंध में नीतियों की समीक्षा, साथ ही बैंक

3. Governance related to BR

- Indicate the frequency with which the Board of Directors, Committee of the Board or CEO to assess the BR performance of the Company. Within 3-6 months, Annually, More than 1 year

Annually

- Does the Company publish a BR or a Sustainability Report? What is the hyperlink for viewing this report? How frequently it is published?

Bank publishes BR report annually. The hyperlink for viewing the report is http://www.ucobank.com/about us

SECTION E : PRINCIPLE-WISE PERFORMANCE

Principle 1 : Businesses should conduct and govern themselves with Ethics, Transparency and Accountability

The Bank's business policies are woven around the core values of transparency and professionalism. Details of corporate governance standards can be found in the 'Report on Corporate Governance' section of annual report.

Bank has laid down Code of Conduct for its Directors on the Board and its Core Management that envisages adherence to the highest standards of honest and ethical conduct, including proper and ethical procedures in dealing with actual or apparent conflicts of interest between personal and professional relationships. Board of the Bank framed UCO Bank Officer Employees' (Conduct) Regulations, 1976 which envisages conduct of the officer employees of the Bank.

Besides the above, the Bank follows primarily the CVC guidelines as contained in the Vigilance Manual issued by the Central Vigilance Commission (Link: http://cvc.nic.in/ man04.pdf) in relation to ethics, bribery and corruption.

Response to principle-wise performance :

1. Does the policy relating to ethics, bribery and corruption cover only the company? Does it extend to the Group/Joint Ventures/Suppliers/Contractors/NGOs/Others?

The policies relating to ethics, bribery and corruption covers the Bank and its employees. Bank does not have subsidiaries or joint ventures.

2. How many stakeholder complaints have been received in the past financial year and what percentage was satisfactorily resolved by the management ?

Bank has put in place a Customer Grievance Redressal Policy, approved by the Board, with an aim to minimise instances of customer complaints and grievances through proper service, delivery and review mechanism and to ensure prompt redressal of customer complaints and grievances. The Policy is made available on Bank's website.

Customer Service Committee of the Board has been constituted

द्वारा ग्राहक सेवा की गुणवत्ता को प्रभावित करनेवाले मुद्दों की जांच के लिए बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति गठित की गई है।

इसके अलावा, बैंक की आंतरिक शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए बैंक ने एक मुख्य ग्राहक सेवा अधिकारी (सीसीएसओ) (आंतरिक बैंकिंग लोकपाल) नियुक्त किया है जिसका उद्देश्य बैंक ग्राहकों को अपनी ऐसी शिकायतों पर एक स्वतंत्र मध्यस्थ उपलब्ध कराना है जो बैंक द्वारा किए गए समाधान से सहमत न हों।

वित्तीय वर्ष (2016-17) के दौरान 18991 ग्राहक शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 18704(98.48%) का संतोषजनक समाधान किया गया।

सिद्धांत 2: कारोबार ऐसी वस्तुएँ और सेवाएँ प्रदान करे जो निरापद हों और अपने पूरे जीवन काल में धारणीयता बनाए रखें।

किसी भी संगठन की सफलता ऐसे सही उत्पादों को विकसित करने पर टिकी होती है जो उसके ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप हों। देश की आर्थिक संवृद्धि को संचालित करने में बैंकिंग उद्योग की कांटे की भूमिका होने के चलते यह उद्योग अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के लिए निरंतर वित्तीय उत्पाद एवं सेवाएँ ईजाद करने में लगा रहता है, चाहे वह कारपोरेट या एमएसएमई क्षेत्र हो, चाहे निर्यात, कृषि, आधार-संरचना या व्यक्तिगत क्षेत्र।

और विश्वसनीय भविष्य गढ़ने के लिए बैंक समाज की बदलती जरूरतों और ग्राहक प्राथमिकताओं के हिसाब से प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम इस्तेमाल करते हुए निरंतर अपने उत्पादों और सेवाओं में नवीनता लाता रहता है।

ग्राहक सेवा में प्रौद्योगिकीगत पहल के रूप में बैंक ने यूको सारथी नामक टैब आधारित माइक्रो एटीएम समर्थित रूपे कार्ड लेन-देन की शुरूआत की है। इनका उपयोग बीसी एजेंटों (बैंक मित्र) द्वारा बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत शृंखला की पेशकश के लिए किया जाता है। ये माइक्रो एटीएम बड़ी संख्या में बैंकिंग सेवाओं से लैस हैं, जिनमें शामिल हैं बैंक ग्राहक के खाते से ऑनलाइन आरडी एवं एफडी खोलना, आधार समर्थित सेवाएँ, ई-केवाईसी, रूपे कार्ड पिन आधारित लेन-देन, विद्यमान एवं असूचित दोनों प्रकार के ग्राहकों के लिए आईएमपीएस प्रणाली द्वारा तत्काल विप्रेषण, मोबाइल रीचार्ज एवं अन्य बिल भुगतान, पीएमजेजेबीवाई एवं पीएमएसबीवाई जैसे माइक्रो बीमा उत्पाद तथा एपीवाई (अटल पेंशन योजना) जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ।

सिद्धांतवार कार्यनिष्पादन की अनुक्रिया:

1. अपने 3 ऐसे उत्पादों या सेवाओं की सूची बनाएँ जिनकी डिज़ाइन में सामाजिक या पर्यावरणीय चिंताओं, जोखिम और/या अवसरों को समाविष्ट किया गया है:

बैंक के उत्पादों और सेवाओं से समाज को किसी भी तरह का जोखिम नहीं होता। उसके उलट वे रोज़गार के अवसर प्रदान करके तथा देश के आर्थिक विकास द्वारा समाज के लिए मददगार होंगे। कुछ उत्पाद पर्यावरणीय चिंताओं के समाधान को सामने रखकर लेकर तैयार किए गए हैं। इनमें पवनचक्की, सौर ऊर्जा आदि के कार्यकलापों में संलग्न सतत ऊर्जा (ग्रीन ऊर्जा) कंपनियों का वित्त पोषण शामिल है।

2. ऐसे प्रत्येक उत्पाद के लिए उत्पाद की इकाई देकर (वैकल्पिक) संसाधन के उपयोग (ऊर्जा, जल, कच्चा माल आदि) के संबंध में निम्न विवरण प्रदान करें:

i. पिछले वर्ष से समूची मूल्य शृंखला में स्रोत प्राप्ति/उत्पादन/संवितरण के दौरान कमी? लागू नहीं

for review of policies in regard to improving customer service and also to examine issues having a bearing on the quality of customer service rendered by the bank.

Further to strengthen the internal Grievance Redressal mechanism of the Bank, the Chief Customer Service Officer (CCSO) (Internal Banking Ombudsman) has been appointed by the Bank with the objective of enabling customers of the Bank to access an independent arbitrator for their complaints, when they are not satisfied with the resolution provided by the Bank.

During the financial year (2016-17), 18,991 customer complaints were received, out of which 18,704 (98.48%) were satisfactorily resolved.

Principle 2: Businesses should provide goods and services that are safe and contribute to sustainability throughout their life cycle

Success of the organisation largely relies upon developing right kind of products that suits the needs of its customers. Banking Industry being the key player in driving the economic growth of the country continuously strives to develop financial products and services for different sectors of the economy whether it is corporate or MSME sector, exports, agriculture, infrastructure or the personal segment.

In order to build more sustainable future, Bank continuously brings in innovation in its products and services for meeting the changing needs of the society and customer preferences by making best use of technology.

As a part of technological initiatives in customer service, Bank launched RuPay Card transaction enabled Tab based Micro ATM called UCO SARATHI, which can be used by BC Agents (Bank Mitr) for offering a wide range of Banking Services. These Micro ATMs are equipped with plethora of banking services including online opening of RD & FD to Bank's customer. Aadhaar enabled services, E-KYC; RuPay Card PIN based transactions; real time Remittance through IMPS system for both existing and walk-in customer, mobile recharge and other bill payments; Micro Insurance products like PMJJBY & PMSBY and social security schemes like APY (Atal Pension Yojna).

Response to principle-wise performance :

1. List up to 3 of your products or services whose design has incorporated social or environmental concerns, risks and /or opportunities :

Products & Services of the Bank do not pose any risk to the society at large. Rather they would be helpful to the society in providing employment opportunities and economic development of the country. Few loan products are designed to address environmental concerns which include finance to renewable energy (green energy) companies involved in the activities of Wind Mills, Solar Energy etc.

2. For each such product, provide the following details in respect of resource use (energy, water, raw material etc.) put unit of product (optional) :

i. Reduction during sourcing/production/distribution achieved since the previous year throughout the value chain?
NA

ii. पिछले वर्ष से ग्राहकों द्वारा उपयोग (ऊर्जा, जल) में कमी आई है?
लागू नहीं

3. क्या कंपनी में सतत स्रोत-प्राप्ति (परिवहन सहित) के लिए प्रक्रियाएँ लागू हैं?
लागू नहीं

4. क्या कंपनी ने स्थानीय और छोटे उत्पादकों से वस्तुओं और सेवाओं की प्राप्ति के लिए कदम उठाए हैं, जिनमें उनके कार्यस्थल के आसपास के समुदाय भी शामिल हैं?
लागू नहीं

5. क्या कंपनी में उत्पादों और कचरे के पुनरुपयोग की कोई व्यवस्था है? यदि हाँ तो उत्पादों और कचरे के पुनरुपयोग का प्रतिशत क्या है (<5%, 5-10%, >10% अलग-अलग दर्शाएँ)? इसके साथ ही, लगभग 50 शब्दों में विस्तृत जानकारी दें।
बैंक विनिर्माण इकाई नहीं है और उसके कार्यालयों से निकले कचरे का प्रबंधन कचरे की निपटान प्रक्रिया का अनुसरण करके किया जाता है।

सिद्धांत 3: कारोबार से सभी कर्मचारियों के कल्याण का संवर्धन होना चाहिए।

यूको बैंक का विजन है कि यह अपने कर्मचारी के लिए ऐसा कार्यस्थल दे जिस पर उन्हें गर्व हो। इस दृष्टि से बैंक काम करता है तथा अपने कर्मचारी सदस्यों और उनके कल्याण को सर्वाधिक महत्व देता है।

समानता का सिद्धांत:

बैंक की सेवा में भर्ती के लिए चयन का मूल आधार मेधा और सक्षमता होता है। सभी अभ्यर्थियों का निर्णय मेधा के आधार पर किया जाता है। पदोन्नति की प्रक्रिया में जाति, पंथ, लिंग, नस्ल, धर्म और विकलांगता, यदि हो, से ऊपर उठकर सभी अभ्यर्थियों को भारत सरकार के दिशानिर्देशों और बैंक की निर्धारित नीति के अनुसार समान अवसर दिया जाता है।

कर्मचारी संख्या:

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कुल कर्मचारी संख्या 24620 जिसमें से 5610 महिलाएँ तथा 497 विकलांगकतायुक्त हैं। कहने की आवश्यकता नहीं है कि बैंक बाल श्रम, बलात श्रम या भुगतान पर अथवा बेगार, किसी भी रूप में अनैच्छिक श्रम द्वारा काम नहीं लेता है। हम समय–समय पर सरकार के दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हैं। सभी कर्मचारियों को इसकी छूट है कि वे जिस किसी भी यूनियन का सदस्य बनें या न बनें। परंतु अधिकांश कर्मचारी किसी न किसी यूनियन के सदस्य हैं।

कर्मचारी लाभ और कार्य-जीवन संतुलन:

अपने कर्मचारी के प्रति अपने विज़न को साकार करने के लिए बैंक अनेक कर्मचारी कल्याण योजनाएँ संचालित करता है। इनमें से कुछ हैं भविष्य निधि, उपदान, पेंशन, चिकित्सा लाभ, रियायती ब्याज दर पर अग्रिम, जमा पर उच्चतर ब्याज दर, हॉलिडे होम, आदि। इस मामले में कर्मचारी और उसके पारिवारिक सदस्य, दोनों की कल्याण योजनाएँ शामिल हैं, जैसे यूको डायमंड जुबली स्कॉलरशिप योजना और पुरस्कार योजना। इनके अलावा बैंक के पास महिला अधिकारी के लिए विकल्प की नीति है जो विवाहित अधिकारी के मामले में अपने जीवन संगी के साथ रहने अथवा अविवाहित अधिकारी के मामले में अपने अभिभावकों के पास रहने के लिए पदस्थापनागत बदलाव द्वारा अपने पसंदीदा अंचलों में जाने का है। ये कल्याणकारी अवसर, खासकर कैन्टीन सब्सिडी, शिक्षा, चिकित्सा एवं अस्पताल भर्ती आदि के साथ मासिक स्वास्थ्य बुलेटिन

ii. Reduction during usage by consumers (energy, water) has been achieved since the previous year?
NA

3. Does the company have procedures in place for sustainable sourcing (including transportation)?
NA

4. Has the company taken any steps to procure goods and services from local & small producers, including communities surrounding their place of work?
NA

5. Does the company have a mechanism to recycle products and waste? If yes, that is the percentage of recycling of products and waste (separately as <5%, 5-10%, >10%). Also, provide details thereof, in about 50 words or so.

Bank is not a manufacturing unit and the waste generated in its offices is managed by following the procedures for disposal of wastes.

Principle 3: Businesses should promote the well-being of all employees

One of the Vision of UCO Bank is to become a place of pride for its employee. With this vision Bank function and gives utmost importance to its staff members and their wellbeing.

Principal of equality:

During recruitment in Bank's service merit and competency is the core criteria for selection. All candidates are judged according to merit. In promotion process equal opportunity is being given to all applicants irrespective of caste, creed, gender, race, religion and disability, if any, as per GOI guidelines and laid down policy of the Bank.

Employee Strength:

As of 31st March 2017, the total count of employees is 24620, out of which 5610 are women employee and 497 are persons with disability. It is needless to mention that Bank does not engage child labour, forced labour or any form of involuntary labour paid or unpaid. We adhere to the Govt. Guidelines issued time to time. There is liberty to all employees to be a member of any union or not. However, most of the employees are member of some union.

Employee Benefits and Work Life Balance :

To enact the vision of the bank for its employee, bank runs several employee welfare schemes. It includes provident fund, gratuity, pension, medical benefits, concessionary interest rate advance, higher interest rate on deposits, holiday homes etc., are few one to site. In this ordeal it includes both the welfare schemes of employee as well as their family members namely UCO Diamond jubilee Scholarship scheme and Prize Scheme. Besides this bank has a policy for option provided to lady officer for change of posting to their choice zones either to join their spouse in case of married officer or for joining their parents in case of unmarried officer. These welfare measures specially canteen subsidy, education, medical & hospitalization etc. supplemented by monthly health

है जिससे प्राप्त जानकारी कार्य-जीवन के संतुलन में योगदान करती है। इसके अतिरिक्त बैंक अपने कर्मचारी सदस्यों के साथ स्वाधीनता दिवस, गणतंत्र दिवस, बैंक का स्थापना दिवस मिलकर मनाता है।

कार्यपरक वातावरण :

हालांकि बैंक अपने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित, स्वच्छ, मानवीय दृष्टि से गरिमापूर्ण कार्यस्थल वातावरण प्रदान करता है, परंतु खासकर महिला अधिकारियों के लिए बैंक ने यौन उत्पीड़न निवारण समिति के साथ शिकायत निवारण प्रणाली भी गठित की है जिसके द्वारा इन मामलों से संबंधित शिकायतों का निवारण किया जाता है। ऐसे उपायों के चलते कर्मचारी बैंक में अपनी जिम्मेदारियों को वहन करने में सुरक्षित महसूस करते हैं।

कार्यदक्षता एवं स्पर्धात्मकता उन्नयन :

प्रशिक्षण मानव संसाधनों के व्यवहार और दृष्टिकोण को समुचित रूप देने के अतिरिक्त उनको पर्याप्त कार्यपरक ज्ञान और दक्षता से लैस करने का एक साधन है। प्रशिक्षणगत जरूरत का आकलन कर तदनुसार सभी कर्मचारियों को बाह्य संस्थानों और बैंक के प्रशिक्षण केंद्रों, दोनों ही में प्रशिक्षण दिलाया जाता है। बैंक में कोलकाता स्थित सॉल्ट लेक में एक सेंट्रल स्टाफ कॉलेज और चंडीग़ढ, भोपाल, दुर्गापुर, जयपुर, चेन्नै, भुवनेश्वर एवं अहमदाबाद में 7 क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र हैं। इनके अलावा, उभरती जरूरतों को पूरा करने या क्षेत्र विशिष्ट प्रशिक्षण देने के लिए स्थानिक प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। इससे कर्मचारियों को अपना ज्ञान अद्यतन करने और अपने कौशल का विकास करने का अवसर मिलता है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में कुल 14006 कर्मचारी प्रशिक्षित किए गए हैं।

सिद्धांत 4: कारोबारों को चाहिए कि वे सभी हितधारकों, खासकर वंचित, कमजोर और सीमांत हितधारकों के हितों का आदर करें और उन पर त्वरित प्रतिक्रिया दें।

बैंक आंतरिक एवं बाह्य हितधारकों के साथ सुदृढ़ संबंध रखता है। इसके लिए वह अपने द्वारा पेश की गई सेवाओं में नवाचारिता बढ़ाते हुए उनको समझ-बूझकर निर्णय लेने के अवसर देता रहता है। विभिन्न स्तरों पर बैंक अपने हितधारकों, जैसे निवेशकों और हितधारकों, ग्राहकों और क्लाएन्टों, कर्मचारियों, सरकार एवं नियामकों, समुदायों तथा एनजीओ के साथ निरंतर संपर्क रखता है। ग्राहक सेवा में उत्तमता हासिल करने के लिए बैंक ने कई कदम उठाए हैं जैसे संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति, ग्राहकों के प्रश्नों के उत्तर देने के लिए चौबीसों घंटे के कॉल सेंटरों की स्थापना, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन तथा बैंक के उत्पादों से जुड़ी विशिष्टताओं के बारे में ग्राहकों को अवगत कराना। बैंक ने कर्मचारियों से संपर्क करने और उनके ज्ञान वर्धन के लिए पोर्टल बनाए हैं।

सिद्धांतवार कार्यनिष्पादन की प्रतिक्रिया :

1. क्या कंपनी ने आंतरिक एवं बाह्य हितधारकों का खाका तैयार किया है? हाँ।

2. उपर्युक्त में से क्या कंपनी ने वंचित, कमजोर और सीमांत हितधारकों की पहचान की है? हाँ।

3. क्या कंपनी ने वंचित, कमजोर और सीमांत हितधारकों को अपने साथ लेकर चलने की कोई विशेष पहल की है? यदि हाँ तो लगभग 50 शब्दों में इसका विवरण दें।

समाज के कमजोर वर्गों, जैसे छोटे एवं सीमांत किसानों, कारीगरों, अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों, गैर-संस्थागत उधारदाताओं के कर्जदार संकटग्रस्त किसानों, विकलांगता युक्त व्यक्तियों, अल्पसंख्यकों आदि की

bulletin contribute in maintaining work life balance. Besides this Bank along with its staff members celebrate Independence Day, Republic Day, Bank's foundation Day together.

Working Environment :

Though Bank provides safe, hygienic, humane dignified work place environment to all its employee but specially for lady officers bank has established Sexual Harassment Redressal Committee as well as grievance redressal system for redressal of complaints relating to these matters. These measures enable employees to feel safe and secure in discharging their responsibilities at Bank.

Skill and competence upgradation :

Training is a tool to equip the human resources with adequate job knowledge and skill besides shaping their behaviour ad attitude. Training need is being assessed and accordingly all the employees are imparted with training at both external Institute and Bank's training centres. Bank has one Central Staff College situated at Kolkata Salt Lake and 7 Regional Training Centres at Chandigarh, Bhopal, Durgapur, Jaipur, Chennai, Bhubaneswar and Ahmedabad. Besides this, to meet emerging demands or region specific training, locational training is also carried out. This enables the employees to keep their knowledge updated as well as sharpen the skills. Total 14006 numbers of employees have been trained in Financial Year 2016-17.

Principle 4: Businesses should respect the interests of, and be responsive towards all stakeholders, especially those who are disadvantaged, vulnerable and marginalised.

Bank builds strong relationship with internal as well as external stakeholders by continuously engaging with them for making informed decisions in enhancing innovation in services offered. Bank at its various levels frequently engages with its stake holders viz Investors and Shareholders, Customers and Clients, Employees, Government and Regulators, Communities and NGOs. To achieve excellence in customer service, Bank has taken up measures like appointment of Relationship Managers, establishment of 24 x 7 Call centre to address any queries of the customers, conducting training programmes to employees and educating customers about various special features associated with the products of the Bank. Bank has developed portals to communicate with the employees and to enrich their knowledge.

Response to principle-wise performance:

1. Has the company mapped its internal and external stakeholders? Yes.

2. Out of the above, has the company identified the disadvantaged, vulnerable & marginalised stakeholders? Yes

3. Are there any special initiatives taken by the company to engage with the disadvantaged, vulnerable and marginalised stakeholders. If so, provide details thereof, in about 50 words or so.

   Several initiatives aiming at economic prosperity of the weaker sections of society viz small and marginal farmers, artisans, scheduled castes and scheduled tribes, distressed farmers

आर्थिक समृद्धि के उद्देश्य से पहलें शुरू की गई हैं, जिनमें प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के सकल लक्ष्य के दायरे में ही ऐसे हितधारकों को ऋण का समुचित और बराबरी का हिस्सा उपलब्ध कराया जा रहा है।

सिद्धांत 5 : कारोबार मानव अधिकारों का सम्मान एवं संवर्धन करें।

बैंक मानवाधिकारों का सम्मान करता है और बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के आत्म-गौरव का विधिवत आदर करता है। बैंक ने न्यायसंगत कार्यपद्धति संहिता अपनाई है जिसमें अच्छी एवं न्यायसंगत बैंकिंग कार्यपद्धतियाँ, सेवाओं और उत्पादों में पारदर्शिता जैसे पहलू शामिल हैं। बैंक की नियुक्ति नीति में बाल श्रम, बलात श्रम की नियुक्ति/से काम लेने को अनुमति नहीं है। इसके अलावा बैंक में प्रधान कार्यालय स्तर पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के निस्तार के लिए आंतरिक शिकायत समिति है। बैंक जाति, पंथ, लिंग या धर्म के आधार पर किसी भी कर्मचारी या ग्राहक के साथ भेदभाव नहीं करता तथा इस मामले में सरकार के दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करता है।

1. कंपनी मानवाधिकार नीति में मात्र कंपनी शामिल है अथवा या इसका विस्तार समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों/एनजीओ/अन्य तक भी है ?
   लागू नहीं। बैंक में कोई भी सहयोगी निकाय नहीं है।
2. पिछले वित्तीय वर्ष में कितनी हितधारक शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उनमें से कितनी प्रतिशत प्रबंधन द्वारा संतोषजनक रूप से निपटा दी गईं?

   शून्य

सिद्धांत **6 :** कारोबार पर्यावरण का सम्मान, रक्षा करें और उसे बचाने के प्रयास करें।

अपनी न्यायसंगत उधारी के माध्यम से यूको बैंक पर्यावरण और समाज को व्यापक रूप से योगदान करता है। जिन परियोजनाओं में पर्यावरणीय विचार मायने रखते हैं उनको ऋण देने के पहले विभिन्न स्तरों पर उनकी बारीकी से जांच की जाती है। बैंक ऐसी परियोजनाओं को प्रोत्साहन देता है जो सतत विकास, अक्षय प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग, कचरे का न्यूनतम उत्पन्न होना, प्रदूषण से बचाव, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, कारगर ऊर्जा कार्यक्षमता, मानव स्वास्थ्य की देखभाल और ऐसे ही अनेक प्रकारों से पर्यावरण के प्रति अपना सरोकार प्रदर्शित कर समाज की बेहतरी के लिए प्रयास करती हैं। इसके अतिरिक्त बैंक इसकी भी निगरानी करेगा कि उसके ग्राहक अपनी परियोजनाओं के परिचालन में पर्यावरणीय मानदंडों का अनुपालन करें।

बैंक अपने कर्मचारियों और ग्राहकों को सर्वोत्तम स्तर तक कागज के इस्तेमाल को न्यूनतम करके और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की ओर रुख करके कागजरहित बैंकिंग अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। ग्राहकों को ई-विवरणी प्रदान करने, ऑनलाइन के जरिए खाते खोलने और अपने आंतरिक कामकाज में भी इस पहल को अमल में लाया जा रहा है।

बैंक अपने परिचालनों में इस्तेमाल होनेवाले प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, प्रत्यावर्तन और प्रतिस्थापन द्वारा पर्यावरणीय प्रयोजनों को सर्वोत्तम तरीके से साकार करने के लिए प्रयासरत है। बैंक अपने कर्मचारियों को प्राकृतिक संसाधनों की बर्बादी न होने देने के प्रति भी सजग रखता है। कार्बनिक उत्सर्जन घटाने और ऊर्जा संरक्षण के लिए बैंक ने अपने कई कार्यालयों में सीएफएल और एलईडी लाइट, इको-फ्रेंडली शीतक गैस युक्त एयर कंडीशनर लगवाए हैं। प्रदूषण को न्यूनतम करने के लिए कुछ शाखाओं में ग्रीन जनरेटर भी उपयोग में लाए जा रहे हैं। बैंक के कुछ फिक्सचरों में अनुपयोगी लकड़ी के उत्पादों से बने पार्टिकल बोर्ड जैसे उत्पाद इस्तेमाल किए गए।

indebted to non institutional lenders, persons with disabilities, minorities etc., are taken through extending fair and equitable portion of credit to these stakeholders within the overall target of Priority Sector.

Principle 5 : Businesses should respect and promote human rights.

Bank respects human rights and acts without discrimination duly respecting the dignity of every individual. Bank adopted Fair Practice Code which covers the aspects like good & fair banking practices, transparency in services and products. The recruitment policy of Bank does not allow recruitment/engagement of Child labour, forced labour. Besides this, Bank has Internal Complaints Committee for Redressal of complaints on Sexual Harassment at Head Office level. Bank does not discriminate either staff or customer on the basis of caste, creed, gender or religion and strictly follows the Govt. Guidelines in this matter.

1. Does the policy of the company on human rights cover only the company or extend to the Group/Joint Ventures/Suppliers/ Contractors/NGOs/Others?

   Not Applicable. Bank does not have any subsidiaries.

2. How many stakeholder complaints have been received in the past financial year and what percent was satisfactorily resolved by the management?

   Nil.

Principle 6: Businesses should respect , protect and make efforts to restore the environment.

UCO Bank through its judicious lending contributes greatly to the environment and to the society. The projects that take environmental considerations are scrutinized thoroughly at various levels before lending. Bank encourages projects that show its concern for the environment in the form of sustainable development, use of renewable natural resources, waste minimization, pollution prevention, occupational health and safety, energy efficient, care of human health and many similar attributes that tries for the betterment of the society. Further, bank will also monitor that its clients comply with the environmental norms while operating their projects.

Bank encourages employees and its clients to resort to paperless banking by minimising paper work to the optimum level and following electronic media in the areas of customer service like providing e-statements to the customers, opening of the accounts through online, and also in its internal functioning.

Bank endeavours to optimise environmental footprint by conserving, restoring, and replacing the natural resources used in its operations. Bank encourages its employees to prevent wasteful use of natural resources. In order to reduce carbon foot print and to conserve energy, Bank installed CFL & LED lights, eco-friendly refrigerant gas in air conditioners in several of its offices. Green Generators are being used in few of the branches to minimise pollution. Products like particle boards made out of waste wood products were used for some of Bank's fixtures.

बैंक अपने परिसर और परिचालन के मामले में लागू पर्यावरणीय विनियमों का अनुपालन करता है। वह पर्यावरणीय मुद्दों पर कार्रवाई करने के लिए स्थानीय एवं केंद्रीय सरकार द्वारा की जा रही पहलों में अपनी भागीदारी निभाता है।

1. सिद्धांत 6 से संबंधित नीति में मात्र कंपनी शामिल है अथवा या इसका विस्तार समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों/एनजीओ/अन्य तक भी है ?

   लागू नहीं। बैंक में कोई भी सहयोगी निकाय नहीं है।

2. क्या कंपनी में पर्यावरणीय बदलाव, वैश्विक ताप आदि जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर विचार करने के लिए नीतियाँ/पहल हैं ?

   उत्तर उपर्युक्त सिद्धांत 6 के अंतर्गत समझाए गए अनुसार है।

3. क्या कंपनी संभाव्य पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान और पकड़ करती है ?
   उत्तर उपर्युक्त सिद्धांत 6 के अंतर्गत समझाए गए अनुसार है।

4. क्या कंपनी में स्वच्छ विकास प्रणाली से संबंधित कोई परियोजना है ?
   कोई नहीं

5. क्या कंपनी ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी, ऊर्जा कार्यक्षमता, अक्षय ऊर्जा आदि पर अन्य कोई पहल की है ?

   लागू नहीं

6. रिपोर्टाधीन वित्तीय वर्ष में कंपनी द्वारा उत्पन्न निकासी पदार्थ/कचरा सीपीसीबी/एसपीसीबी द्वारा प्रदत्त अनुमत सीमाओं के अंदर हैं ?

लागू नहीं

7. वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर सीपीसीबी/एसपीसीबी से प्राप्त कारण बताओ/वैध नोटिसों की संख्या जो लंबित (यानी जिनका संतोषजनक समाधान नहीं हुआ) हैं ?

   लागू नहीं

सिद्धांत 7: सार्वजनिक नियामक नीतियों को प्रभावित करने में कारोबारों को जिम्मेदार तरीके से पेश आना चाहिए।

बैंक नियामक नीति के कार्यकारी ढाँचे के भीतर अपने उत्पादों और सेवाओं का स्वरूप निर्धारित करता है जिसका उद्देश्य देश को आर्थिक विकास की ओर उन्मुख करना है। बैंक के निदेशक मंडल ने अपने प्रचार एवं जनसंपर्क संबंधी कार्यकलापों के कार्यान्वयन के लिए एक प्रचार नीति निर्मित की है। इसमें राष्ट्र के जन-जन के बीच बैंक के उत्पादों, सेवाओं और पहलों आदि को लोकप्रिय बनाने के दिशानिर्देश निहित हैं।

1. क्या आपकी कंपनी किसी व्यापार और चेम्बर अथवा संघ की सदस्य है ? यदि हाँ, तो केवल उन प्रमुख संगठनों का नाम बताएँ जिनसे आपका कारोबारी व्यवहार होता है:

   बैंक भारतीय बैंक संघ का सदस्य है।

2. क्या आपने जनहित की बढ़ोतरी या सुधार के लिए उक्त संगठनों के साथ हिमायत की है/उनके दल में शामिल हुए हैं ?

Bank complies with applicable environmental regulations in respect of premises and operations. Bank participates in the initiatives taken up by the local and central government towards addressing environmental issues.

1. Does the policy related to Principle 6 cover only the company or extends to the Group/Joint Ventures/Suppliers/Contractors/ NGOs/Others.

   Not Applicable. Bank does not have any subsidiaries.

2. Does the company have strategies/initiatives to address global environmental issues such as climate change, global warming, etc?

   As explained above under Principle 6.

3. Does the company identify and assess potential environmental risks?

   As explained above under Principle 6.

4. Does the company have any project related to Clean Development Mechanism ?

   None.

5. Has the company undertaken any other initiatives on - clean technology, energy efficiency, renewable energy, etc.

   Not Applicable.

6. Are the Emissions/Waste generated by the company within the permissible limits given by CPCB/SPCB for the financial year being reported ?

   Not Applicable.

7. Number of show cause/legal notices received from CPCB/ SPCB which are pending (i.e. not resolved to satisfaction) as on end of Financial Year.

   Not Applicable.

Principle 7: Businesses, when engaged in influencing public and regulatory policy, should do so in a responsible manner.

Bank designs its products and services within the frame work of the regulatory policy and with the objective to bring in economic development of the country. The Board of the Bank has laid out a Publicity Policy for implementation of the Publicity & PR related activities. It contains the guidelines for popularising the Bank's Products, Services and Initiatives etc among masses across the Nation.

1. Is your company a member of any trade and chamber or association? If Yes, Name only those major ones that your business deals with :

   Bank is a member of Indian Banks' Association.

2. Have you advocated / lobbied through above associations for the advancement or improvement of public good?

बैंक ऐसे संगठनों के साथ नज़दीक से जुड़कर काम करता है तथा आर्थिक और वित्तीय नीतियाँ निर्मित करने में नीतिनिर्धारकों को महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराता है।

सिद्धांत 8 : कारोबार समावेशी उन्नति और एकसमान विकास का समर्थन करें।

समावेशी उन्नति

बैंक ने व्यापक रूप से वंचित वर्गों को संरचनायुक्त बैंकिंग प्रणाली की छत्रछाया में लाने के उद्देश्य से अपना योगदान दिया है। इसके पीछे लक्ष्य यह रहा है कि अब तक अर्थजगत की मुख्यधारा से कटे हुए लोगों में बचत करने की आदत को बढ़ावा दिया जाए और गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों की ऋण संबंधी जरूरतों को सम्मुख लाया जाए। बैंक ने भारत सरकार द्वारा अभियान की शक्ल में चलाई जा रही वित्तीय समावेशन परियोजना "प्रधानमंत्री जन धन योजना" में अब तक 57.21 लाख खाते खोल दिए हैं और इन खातों में ₹ 1263 करोड़ की राशि जमा हो चुकी है।
बैंक ने बीमा और पेंशन योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के सफल कार्यान्वयन के जरिए देश के लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की भारत सरकार की पहल में हिस्सा लिया है। पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत लगभग 4.81 लाख अभिदाताओं का और पीएमएसबीवाई योजना के तहत लगभग 11.03 लाख अभिदाताओं का बीमा किया गया है। वर्ष के दौरान अटल पेंशन योजना के कुल अभिदातओं का आंकड़ा 51000 की संख्या पार कर चुका है।

बैंक ने भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री आवास योजना में हिस्सा लेते हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न आय वर्ग को किफायती मकान दिलवाने के लिए उन तक केंद्र द्वारा दी रही सहायता पहुँचाई है। इस योजना के कार्यान्वयन के लिए बैंक ने राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। पात्र उधारकर्ताओं को ₹ 6.5 लाख की सहायता दी जा रही है तथा ईएमआई और मूलभूत ऋण रकम को कम रखने के लिए पहले से ही ब्याज दर में प्रतिवर्ष 6.5% की रियायत दी जा रही है। हमारे बैंक ने 57 हितधारकों को फरवरी, 2017 तक ₹224 लाख तक की सहायता दे दी थी।

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के एक भाग के रूप में बैंक ने अनेक कार्यक्रम/पहल कार्यान्वित किए हैं जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

क) सात राज्यों, हिमाचल प्रदेश, ओडीशा, असम, बिहार, पंजाब, पश्चिम बंगाल एवं राजस्थान में बैंक द्वारा सत्ताईस ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान गठित किए गए हैं जिनका उद्देश्य समर्पित आधार-संरचना के साथ ग्रामीण युवावर्ग को प्रशिक्षित करना और उनका दक्षता उन्नयन करना है। बैंक द्वारा ये संस्थान ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा की गई उस पहल के एक भाग के रूप में बनाए गए हैं जिसका उद्देश्य ग्रामीण युवावर्ग में उद्यमिता कौशल के विकास के लिए समर्पित प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना करना है। इस कार्यक्रम के तहत ₹8.55 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

ख) बैंक ने शिमला और सोलन जिलों में बिशारी और घट्टी नामक दो गांवों को अपना लिया है जिनके लिए ₹20.44 लाख की योजना राशि रखी गई है।

ग) बैंक ने बालासोर और भुवनेश्वर अंचल के अंतर्गत आनेवाले क्रमश: जालंगा और अलीश नामक दो गांवों में विकासात्मक गतिविधियों के लिए ₹10.48 लाख की योजना राशि अनुमोदित की है।

Bank closely works with these associations and gives vital inputs for the policy makers in evolving economic and financial strategies.

Principle 8 : Businesses should support inclusive growth and equitable development.

Inclusive Growth

Bank contributed largely to the objective of bringing the excluded masses under the umbrella of structured banking system with an aim to inculcate habit of saving among the people who are so far excluded from the economic mainstream and to cater to the credit needs of people below the poverty line. Bank has so far opened more than 57.21 lakh accounts under the Government of India's mission mode financial inclusion project "Prime Minister Jan Dhan Yojna" and mobilized ₹ 1263 Crore in these accounts.

Bank took part in the initiative of Government of India in providing social security to the people of the country through successful implementation of insurance and pension schemes like Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojna (PMJJBY), Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojna (PMSBY), Atal Pension Yojna (APY). Under PMJJBY scheme, around 4.81 lakh subscribers are insured whereas under PMSBY scheme more than ₹ 11.03 lakh lives are insured. Total subscribers under Atal Pension yojna crossed 51,000 during the year.

Bank took part in the Pradhan Mantri Awas Yojana launched by Government of India to extend central assistance for economically weaker section and low income group for acquiring affordable houses. Bank has signed memorandum of understanding with National Housing Bank for implementation of this scheme. Assistance of ₹ 6.5 lakh is being extended to the eligible borrowers and concession in interest rate @6.5% per annum is being provided upfront to reduce EMI and principal loan amount. Our Bank assisted to 57 beneficiaries to the tune of ₹ 224 lakh upto Feb, 2017.

Corporate Social Responsibility

Bank has taken several programmes/initiatives as a part of Corporate Social Responsibility. Few of these programmes/ initiatives are as under:

a) Twenty Seven Rural Self Employment Training Institutes are set up by the Bank in seven states namely Himachal Pradesh, Odisha, Assam, Bihar, Punjab, west Bengal and Rajasthan to impart training and skill upgradation for rural youth with dedicated infrastructure. These institutes are set up by the Bank as a part of initiative taken up by the Ministry of Rural Development to establish dedicated training Institutions for development of entrepreneurship skills in rural youth. Bank has sanctioned ₹8.55 Crore under this programme.

b) Bank adopted two villages namely Bishari and Ghatti in Shimla and Solan Districts with an outlay of ₹20.44 lakh.

c) Bank approved an outlay of ₹10.48 lakh for developmental activities in two villages namely Jalanga and Alish under Balasore Zone and Bhubaneshwar Zone respectively.

घ) परिक्रमा मार्ग, श्री गिरिराज तलहटी, गोवर्धन (मथुरा) में ₹ 13.76 लाख की योजना-व्यय राशि के साथ वृक्षारोपण गतिविधि कराई जा रही है।

ङ) ओडीशा में ₹ 12.76 लाख की लागत से दूर-दराज़ के अभावग्रस्त इलाकों में रह रहे लोगों को साफ और पेय जल की आपूर्ति करने के लिए ऑटो माउंटेड वाहन जल दूत की व्यवस्था की गई है।

1. सिद्धांत 8 से संबंधित नीति के अनुसरण में क्या कंपनी के पास विनिर्दिष्ट कार्यक्रम/पहल/ परियोजनाएँ मौजूद हैं? यदि हाँ, तो विवरण दें।

जैसा ऊपर बताया गया है।

2. क्या कार्यक्रम/परियोजनाएँ आंतरिक दल/स्वयं के आधार पर/बाहरी एनजीओ/सरकारी संरचनाओं/अन्य किसी संगठन के जरिए कार्यान्वित की जा रही हैं?

जैसा ऊपर बताया गया है।

3. क्या आपने अपनी पहल का कोई प्रभावी आकलन किया है?

जैसा ऊपर बताया गया है।

4. सामुदायिक विकास परियोजनाओं में आपकी कंपनी का प्रत्यक्ष योगदान क्या है – आईएनआर में राशि तथा कार्यान्वित की जानेवाली परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दें?

जैसा ऊपर बताया गया है।

5. क्या आपने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि समुदाय द्वारा सामुदायिक विकास पहल को सफलता के साथ अपनाया गया है?

जैसा ऊपर बताया गया है।

सिद्धांत 9: कारोबार अपनी जिम्मेदारी निभाने के तरीके से अपने ग्राहकों से जुड़ें और मूल्ययुक्त सेवा प्रदान करें।

ग्राहकों की नब्ज़ पहचानते हुए उनकी खुशी हासिल करना बैंक का प्रमुख उद्देश्य रहा है। एतदर्थ बैंक ने हमारे उत्पादों, सेवाओं और हमारे वितरण माध्यमों पर ग्राहकों की राय पर बारीकी से ध्यान दिया है।

कार्यक्षेत्र में शाखा कर्मचारियों के सम्मुख मौजूद ग्राहक हमारी सेवाओं/ उत्पादों/वितरण माध्यमों पर अपनी प्रतिक्रिया और राय जाहिर करता है। ग्राहक हमारी वेबसाइट पर भी हमें प्रतिक्रिया देते हैं। हम इन प्रतिक्रियाओं का समेकन करके तत्काल सुधार के लिए दिए गए सुझावों को अमल में लाते हैं। इसके अलावा ग्राहक हमें पत्र लिखते हैं जो हमारे लिए उनकी नब्ज़ पहचानने का एक अच्छा स्रोत हैं। कॉल सेंटरों के माध्यम से होनेवाले बहुसंख्य ग्राहक संवाद भी ग्राहक संतुष्टि को जानने का हमारा बहुमूल्य स्रोत हैं। बैंक नियमित रूप से ग्राहक बैठकें भी आयोजित करता है।

जरूरत पड़ने पर संपर्क किए जाने हेतु बैंक के पास अपने ग्राहकों के लिए समर्पित एक ग्राहक सेवा कक्ष है। ग्राहकों हेतु बैंक के पास एक सशक्त शिकायत निवारण प्रणाली है। समय पर और बेहतर तरीके से ग्राहक शिकायतों का निपटान करने के लिए बैंक का एक शिकायत प्रबंधन पोर्टल है जिससे जुड़े समर्पित लोगों की टीम अपने अथक प्रयासों से जल्द से जल्द ग्राहक शिकायतों का समाधान करने हेतु प्रयासरत रहती है।

d) Plantation activity on Parikrama Marg, Shri Giriraj Talahti, Goverdhan (Mathura) was taken up with an expenditure outlay of ₹ 13.76 lakh.

e) JAL doot, an auto mounted vehicle supplying clean and drinkable water to people living in far flung deficit areas in Odisha is provided with an outlay of ₹ 12.76 lakh.

1. Does the company have specified programmes/initiatives/ projects in pursuit of the policy related to Principle 8? If yes, details thereof.

As explained above.

2. Are the programmes/projects undertaken through in-house team/own foundation/external NGO/government structures/ any other organization?

As explained above.

3. Have you done any impact assessment of your initiative?

As explained above.

4. What is your company's direct contribution to community development projects - Amount in INR and the details of the projects undertaken?

As explained above.

5. Have you taken steps to ensure that this community development initiative is successfully adopted by the community?

As explained above.

Principle 9: Businesses should engage with and provide value to their customers in a responsible manner.

Achieving customer delight by understanding their pulse has been the prime objective of the bank. In achieving the same, bank has intently listened to what customers feel about our products, services and our channels.

At the field, the customer facing branch staffs provide the feedback regarding the customer's responses and opinions regarding our services/products/channels. Customers also provide us feedback on our bank's website. We compile these feedback and act on the suggestions for improvement immediately. Apart from these, the customers write to us, which also provides a good source of learning their pulse. Our umpteen customer interactions through our call centres serve as rich source of learning regarding customer satisfaction. The bank also conducts regular customer meets.

The bank has a dedicated customer service cell to be available to customers, when they are in need. The bank has a robust grievance redressal mechanism for customers. To facilitate timely and efficient disposal of customer complaints, the bank has a complaint management portal which has dedicated team of people who are expediting complaint resolution through their

सिद्धांतवार कार्यनिष्पादन की प्रतिक्रिया :

1. वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित ग्राहक शिकायतों/उपभोक्ता मामलों का क्या प्रतिशत है?

   वित्तीय वर्ष में ग्राहक शिकायतों की मात्र 287 यानि 1.52% लंबित हैं।

2. क्या स्थानीय विधि के अनुसार अनिवार्य सूचना के अलावा भी कंपनी उत्पाद लेबल पर उत्पाद सूचना प्रदर्शित करती है? हाँ/नहीं/लागू नहीं/टिप्पणी (अतिरिक्त सूचनाएँ)?

   लागू नहीं

3. क्या पिछले पाँच वर्षों में किसी जोखिमधारक द्वारा कंपनी के विरुद्ध अन्यायपूर्ण कारोबार रीतियों, गैर-जिम्मेदार विज्ञापन और/या प्रतिस्पर्धा–विरुद्ध व्यवहार का मामला दायर किया गया है जो मौजूदा वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक लंबित हो? यदि ऐसा है, तो लगभग 50 शब्दों में उसका ब्योरा दें।

   नहीं

4. क्या आपकी कंपनी ने ग्राहक सर्वेक्षण/ग्राहक संतुष्टि प्रवृत्ति पर कोई कार्यकलाप किया है?

बैंक ऑनलाइन ग्राहक प्रतिक्रिया पृष्ठ और प्रत्यक्ष बातचीत के जरिए निरंतर आधार पर ग्राहक संतुष्टि के बारे में प्रतिक्रिया लेता रहता है।

dedicated efforts.

Response to principle-wise performance :

1. What percentage of customer complaints/consumer cases are pending as on the end of financial year.

   Only 287 i.e.1.52% of customer complaints are pending for FY 2016-17.

2. Does the company display product information on the product label, over and above what is mandated as per local laws? Yes/No/NA/Remarks (additional information).

   Not Applicable

3. Is there any case filed by any stakeholder against the company regarding unfair trade practices, irresponsible advertising and/or anti-competitive behaviour during the last five years and pending as on end of financial year. If so, provide details thereof, in about 50 words or so.

   No.

4. Did your company carry out any consumer survey/consumer satisfaction trends?

Bank obtains feedback on continuous basis about customer's satisfaction through online customer feedback page and by direct interaction.

कार्पोरेट अभिशासन से संबंधित रिपोर्ट

1. बैंक का कार्पोरेट अभिशासन दर्शन:

यूको बैंक का कार्पोरेट अभिशासन दर्शन उसके कार्य में निहित उच्च-स्तरीय नैतिक मूल्यों को बनाए रखना है। बैंक की कार्पोरेट अभिशासन नीतियां पारदर्शिता एवं व्यावसायिकता के महत्वपूर्ण मूल्यों पर केंद्रित हैं। बैंक अपने सभी हितधारकों एवं समाज को अधिकतम महत्व देने हेतु कार्पोरेट अभिशासन को और अधिक समृद्ध करने के लिए अपनी सर्वोत्तम पद्धति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के प्रति लगातार प्रयासरत है।

2. निदेशक मंडल

निदेशक मंडल का गठन बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और विविध उपबंध) योजना 1970 तथा बैंकिंग कंपनी (अर्जन और अंतरण) और वित्तीय संस्था विधि (संशोधन) अधिनियम 2006 के उपबंधों द्वारा शासित होता है। कार्पोरेट अभिशासन संबंधी आवश्यकताओं को, जैसा कि स्टॉक एक्सचेंजों के साथ सूचीकरण करार में दिया गया है, इन संविधियों के साथ पढ़ा जाए।

बैंक के निदेशक अनुभवी हैं तथा उन्हें बैंक को उपयुक्त दिशा प्रदान करने एवं बैंक की कार्यप्रणाली पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु बैंकिंग, वित्त और प्रबंधन आदि के क्षेत्र में आवश्यक विशेषज्ञता हासिल है।

